हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## खारुन लबालब, सुरक्षा के इंतजाम नहीं सेल्फी लेने वालों की लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद अब खारुन नदी भी लबालब हो गई है। बारिश होने से मौसम भी खुशनुमा हो गया है। इस कारण राजधानी रायपुर की खारुन नदी के महादेव घाट पर खुशनुमा मौसम में लबालब नदी के साथ सेल्फी लेने वालों की भीड़ भी जुटने लगी है। परिवार व दोस्तों के साथ पहुंचने वाले लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी के किनारे बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के सेल्फी लेने लगे हैं, जिससे यहां ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सावन भर रहेगी भक्तों की भीड़

सावन का महीना शुरू हो गया है। सावन के पहले दिन ही सोमवार पड़ने के कारण महादेव घाट स्थित भगवान हठकेश्वर मंदिर में भगवान के दर्शन, जलाभिषेक व चढ़ावा चढ़ाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ पहुंची थी। यह भीड़ सावनभर रहेगी। सबसे ज्यादा भीड़ सोमवार को जुटेगी। भक्तों में कई लोग पूजा-अर्चना के बाद नदी के तट पर जाकर सेल्फी भी लेते हैं।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। उरला थाने की पुलिस ने कारोबारी के दुकान के गल्ले से दो लाख रुपए से ज्यादा की नकदी रकम चोरी करने के आरोप में दुकान कर्मी को गिरफ्तार किया है। विद्या ट्रेडर्स के नाम से बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वाले हेम कुमार साहू की शिकायत पर आकाश जांगड़े को गिरफ्तार किया है। आकाश ने 15 दिन पूर्व चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पूर्व में आकाश मारपीट के मामले में जेल जा चुका है।

### गांजा के साथ भोपाल का युवक गिरफ्तार

रायपुर। गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मध्यप्रदेश के एक युवक को एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी संजू तोमर के कब्जे से गांजा जब्ती की गई है। संजू गांजा लेकर फाफाडीह एक्सप्रेस वे के ऊपर किसी के आने का इंतजार कर रहा था।

### डीजीपी ने किया डायल 112 के कर्मचारियों को सम्मानित



रायपुर। पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने डायल 112 के कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में रायगढ़ के राइनो- 1 के आरक्षक किशोर खरखो तथा वाहन चालक छोटू दास को सम्मानित किया। दोनों को एक एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराने की वजह से सम्मानित किया गया है। आरक्षक तथा वाहन चालक ने प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को कांवर से नाला पार कराने के साथ ही रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर मितानिनों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराने के बाद सुरक्षित अस्पताल ले जाने में मदद की थी। आरक्षक तथा वाहन चालक को डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र देने के साथ ही इनाम में नकद राशि प्रदान की।

### ज्वेलरी दुकान में एक लाख की ठगी

रायपुर। कोतवाली थाना में एक ज्वेलरी कारोबारी ने अज्ञात महिला के खिलाफ नकली सोने की चेन थमाकर एक लाख 11 हजार रुपए के सोने के जेवर की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स के संचालक पंकज काकरिया ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पंकज ने पुलिस को बताया है कि दो माह पूर्व एक महिला उनकी दुकान में जेवर खरीदने के लिए आई थी। महिला ने जेवर खरीदने के बाद अपनी पुरानी सोने की चेन दी। बाद में चेन की जांच करने पर वह नकली होना पाया गया।

### 3 लाख परिवारों को नहीं मिला पेयजल, खारुन का कचरा फिल्टर प्लांट तक पहुंचा

# इंटेकवेल में फंसा कचरा, दो दर्जन पानी टंकियां रहीं सूखी, आधा शहर प्यासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के इंटेकवेल में रविवार रात भारी मात्रा में जलकुंभी फंसने से 150 एमएलडी के प्लांट से कनेक्ट दो दर्जन पानी टंकियां नहीं भर पाईं। बाकी की टंकियां भी मुश्किल से 4 से 5 मीटर भर पाईं। इसकी वजह से सोमवार की सुबह 3 लाख से अधिक आबादी पानी के लिए तरस गई। वहीं इंटेकवेल में फंसे कचरे को साफ कराने अधिकारियों ने आनन-फानन में रविवार रात गोताखोरों को नदी के 10 फीट गहराई में उतारा, पर अंधेरा होने और पानी का बहाव तेज होने से गोताखोरों को कचरा साफ करने में परेशानी हुई। रात्रि 9 बजे तक ही वे सफाई कर पाये। इस वजह से सोमवार की सुबह दोबारा गोताखोरों को एनीकट में फंसे जलकुंभी को साफ करने लगाया गया।

### टंकी भर नहीं पाईं, पंप चलाने पर कचरा

रविवार की शाम खारुन नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ ही पानी में लगातार गंदगी, कचरा और जलकुंभी भारी मात्रा आकर इंटेकवेल के मशीन में फंस गई। पंप में लगातार कचरा होने से शहर की 24 पानी टंकियां रात में भर नहीं पाईं। इनमें डीडीनगर, चंगोराभाठा, सरोना, टाटीबंध, कबीरनगर, कोटा, रामनगर की पानी टंकी, सड्डू, दलदल सिवनी, मोवा, कचना पानी टंकी और अवंतिविहार पानी टंकी सहित अन्य पानी टंकियां प्रभावित रहीं।



■ रात में आनन फानन में अधिकारियों ने जलकुंभी साफ करने उतारी गोताखोरों की टीम

### रात में टंकियां नहीं भर पाई इसलिए दिक्कत

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है रविवार को खारुन का जलस्तर बढ़ने से भारी मात्रा में जलकुंभी इंटेकवेल में फंस गई। इसके कारण फिल्टर प्लांट से जलशुद्धिकरण का काम प्रभावित रहा। 150 एमएलडी के प्लांट की मशीन बंद होने से 24 से अधिक पानी टंकियों को रात में भरा नहीं जा सका।



### फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी प्लांट ठप

#### परेशान रहे लोग, न सूचना दी न फोन उठाया

खारुन नदी में बारिश का पानी तेज बहाव के साथ आने से जलकुंभी, कचरा और जलीय वनस्पति एनीकट में फंसने से सोमवार की सुबह शहर के कई इलाकों में नलों से पानी आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान हुए। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश रहा कि नगर निगम के जल विभाग ने इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी। ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### मंगलवार तक सामान्य आपूर्ति

तेज बारिश के कारण इंटेकवेल में जलकुंभी फंसने से आधे शहर की जल आपूर्ति सोमवार की सुबह बाधित रही। कचरा सफाई के काम में गोताखोरों की टीम लगाई है। मंगलवार की सुबह संबंधित पानी टंकियों में जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

- **नरसिंग फरेन्द्र,** कार्यपालन अभियंता, जल, नगर निगम रायपुर

#### फिल्टर प्लांट को अपग्रेड करने की जरूरत

भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा है, रविवार की रात खारुन नदी के इंटकवेल में कचरा फंसने की वजह से सुबह शहर की दो दर्जन पानी टंकी नही भर पाईं। इससे रायपुर शहर की जनता को पानी नही मिल पाया। ऐसा पूर्व में भी हो चुका है, जब फिल्टर प्लांट में गाद फंसने की वजह से जनता को पानी नहीं मिला। फिल्टर प्लांट में आये दिन कोई ना कोई समस्या बनी रहती है, कभी लाइट नहीं रहती, कभी कचरा फंस जाता है। महापौर को चाहिए कि जिस तरह रायपुर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के तर्ज में अंडरग्राउंड केबलिंग की जा रही है, उसी तरह फिल्टर प्लांट को अपग्रेड करने का प्रस्ताव एमआईसी में संकल्प पारित कर निगम की सामान्य सभा में लायं, ताकि शहर की जनता को पीने के पानी की आपूर्ति में आये दिन होने वाली समस्या से निजात मिले।

## खारुन में डूबे किशोर की लाश 24 घंटे बाद भी नहीं मिली



■ दोस्तों के साथ 14 वर्षीय किशोर नदी में नहाने के लिए गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र में खारुन नदी में डूबने से एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 11 से 12 बजे के बीच की है। नदी में पानी के तेज बहाव के कारण घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी लाश को रेस्क्यू कर नहीं निकाला जा सका है। घटना के बाद मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के मुताबिक नदी में डूबने से सनी नेताम की मौत हुई है। घटना दिनांक को वह अपने दो-तीन दोस्तों के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सात पखार से महादेव घाट तक तलाश

रविवार को देर शाम तक सनी की पुलिस तथा गोताखोरों की टीम ने तलाश जारी रखी, अंधेरा होने के बाद तलाश बंद कर दी गई। दूसरे दिन पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम ने पनडुब्बी की मदद से सात पखार से महादेव घाट तक सनी की लाश की तलाश की, लेकिन पुलिस को दूसरे दिन भी सफलता नहीं मिली।

### दो वर्ष पूर्व दो किशोर की डूबने से मौत हुई थी

गौरतलब है, हर साल खारुन नदी में डूबने से मौत की घटनाएं सामने आती रहती हैं। दो वर्ष पूर्व सात पखार एनीकट में डूबने से दो किशोर की मौत हुई थी। दोनों किशोर की लाश रेस्क्यू करने पुलिस को लंबा ऑपरेशन चलाना पड़ा था। हादसे की वजह पानी के तेज बहाव में नहाने जाने के अलावा मस्ती करना है।

## एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों में 6 जनरल डिब्बों का नियम, हकीकत में मिल रहे केवल चार

■ नवंबर में 20 से अधिक ट्रेनों में लगेगा जनरल कोच फिर भी नहीं मिलेगी 6 कोच की सुविधा

■ रेलवे ने पहले जिन ट्रेनों से घटाया था जनरल कोच अब उसे फिर लगा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वेटिंग यात्रियों के नियमों में बदलाव और सख्ती के बाद स्लीपर कोच में भीड़ अब सामान्य होने लगी है, लेकिन जनरल कोच में यात्रा करना अब भी आसान नहीं है। रोजाना ठूंस-ठूंस कर भरे जनरल डिब्बों में सफर करना मजबूरी बनी हुई है। रेलवे ने बीते तीन सालों में पुराने आईसीएफ कोच की जगह नए एलएचबी रैक की सुविधा देकर ट्रेनों में जनरल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कमाई बढ़ाने जनरल कोच घटाकर कर रहे हैं कटौती

राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, हमसफर व सुविधा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को छोड़कर अन्य सभी में छह जनरल कोच लगाना अनिवार्य है, लेकिन कमाई बढ़ाने के लिए जोन व मंडल स्तर पर जनरल डिब्बों की संख्या में कटौती की जाती है। चूंकि एक ट्रेन में अधिकतम 24 कोच लगाए जा सकते हैं, ऐसे में जनरल कोच की संख्या कम करके इसकी जगह पर एसी व स्लीपर कोच लगा दिया जाता है। कमाई बढ़ाने के चक्कर में रेलवे प्रशासन आम व जरूरतमंद यात्रियों की सुविधा को दरकिनार कर रहा है।

### कोच लगाने के बाद भी नहीं होने 6 जनरल कोच

रेलवे ने लंबी दूरी की 46 ट्रेनों में 92 नए कोच सामान्य श्रेणी के लगवा चुका है।। 22 दूसरी गाड़ियों को भी चिन्हित किया गया है। कई ट्रेन ऐसी भी है जिसमें कोच लगाने के बाद इनकी संख्या 6 नहीं होगी। 30 अक्टूबर से 18238 अमृतसर-कोरबा में दो जनरल कोच जोड़ा जाएगा जिसके बाद कुल जनरल कोच 4 ही रहेगा। 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस में एक जनरल कोच जोड़ने के बाद कुल कोच 4 होगा।। 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में एक जनरल कोच के बाद कुल कोच चार होंगे। इसके अलावा 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, 22843 बिलासपुर-पटना, 22815 बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस, 12853 ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सूने मकान में चोरी

रायपुर। डीडीनगर थाना में विवाह समारोह में शामिल होने गई एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ नकदी साढ़े चार हजार रुपए सहित 80 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेशे से शिक्षिका सत्यम विहार निवासी ज्योति प्रभा पृष्टि ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रभा ने पुलिस को बताया है कि वह 17 जुलाई को विवाह समारोह में शामिल होने ओडिशा गई थी।

## बृजमोहन ने लिखा- मैं पहली बार छत्तीसगढ़ विधानसभा से दूर हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल पहली बार छत्तीसगढ़ के इतिहास में विधानसभा से दूर हैं। उन्होंने अपनी बात को सोशल मीडिया में साझा किया है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद वे यहां पर लगातार जीते हैं और प्रदेश सरकार में चार बार मंत्री भी रहे हैं। एक बार फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर श्री अग्रवाल को शिक्षा मंत्री बनाया गया था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको रायपुर लोकसभा का चुनाव लड़वाया और वे रिकॉर्ड मतों से जीते भी। इसके बाद उन्होंने मंत्री और विधायक का पद छोड़ दिया। लोकसभा सत्र के पहले दिन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### यू-ट्यूब से एटीएम हैक कर पैसा निकालने का तरीका सीखा, कुछ कर पाते इसके पहले दबोचे गए

■ पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले

रायपुर। आजाद चौक थाने की पुलिस ने कथित तौर पर एटीएम हैक कर रुपए निकालने की कोशिश करने के आरोप में उत्तरप्रदेश से यहां काम की तलाश में आए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एटीएम में लगे सीसीटीवी से बचने बदमाश कैमरा में स्प्रे डालकर एटीएम को हैक करने की कोशिश करते थे। आजाद चौक के बैंक ऑफ बड़ौदा तथा गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह में एटीएम से मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को एक लॉज से गिरफ्तार किया है। पुलिस ▶▶| शेष पेज 13 पर

### रायपुर की फ्लाइट पर चेन्नई में मधुमक्खियों का हमला

## दो घंटे अटकी रही उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों को लेकर रायपुर आने वाली फ्लाइट पर चेन्नई एयरपोर्ट पर हजारों मधुमक्खियों ने एक साथ हमला कर दिया। फ्लाइट में बोर्डिंग शुरू होने के इंतजार में यात्री बस में काफी देर तक बैठे रहे। एयरक्राफ्ट के चारों ओर से अपने कब्जे में ले चुकी इन मधुमक्खियों को हटाने के लिए क्रू मेंबरों को काफी मशक्कत करनी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### विंग्स से लेकर छत तक कब्जा

मधुमक्खियों की संख्या इतनी अधिक थी और उन्होंने एयरक्राफ्ट के विंग्स से लेकर छत और चारों हिस्सों को कब्जे में ले रखा था। आशंका जताई जा रही थी कि फ्लाइट घंटेभर पहले दूसरे शहर से पहुंची थी, तब से मधुमक्खी उस पर छत्ता बनाने की कोशिश में लगी हुई थीं। उन्हें दूर भगाने के दौरान एयरलाइंस के कुछ कर्मचारियों को मधुमक्खी ने काटा भी, मगर कोई यात्री उसकी वजह जख्मी नहीं हुआ। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान में बिठाने और मधुमक्खी के कम होने पर उसे रायपुर के लिए रवाना किया गया।

### अस्पतालों में मरीजों की भीड़, लेनी पड़ रही दवा की तीन दिन की खुराक

## बारिश के मौसम में वायरल फीवर का अटैक, डायरिया की बढ़ीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश की शुरुआत में ही लोगों की सेहत पर वायरल फीवर का अटैक होने लगा है। पिछले कुछ दिनों से सर्दी-खांसी, बुखार के साथ कमजोरी के मरीज बढ़ने लगे हैं। डायरिया संबंधी शिकायत लेकर भी अस्पतालों में लोगों की भीड़ बढ़ गई है।

मानसून आने के बाद बारिश पर फिर ब्रेक लग गया था। दो तरीके का मौसम होने की वजह से लोगों की सेहत पर इसका विपरीत असर हुआ है और लोग बीमार पड़ने लग गए। सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग और निजी क्लीनिकों में मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार आने वाले हर दूसरे-तीसरे ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खानपान पर नसीहत

चिकित्सकों के मुताबिक बीमार पड़ने की मुख्य वजह खानपान में लापरवाही होती है। बारिश के मौसम में इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खासकर बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। पानी का उपयोग उबालकर करना चाहिए, बारिश में बेवजह भीगने से परहेज करना चाहिए। इस मौसम में मच्छरों की शिकायतें भी बढ़ जाती है, जिससे बचाव के लिए जल जमाव को रोकने और बाजार में मिलने वाले विभिन्न संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए।



**डेंगू अभी कंट्रोल में:** बारिश होने और जल जमाव की संभावना बढ़ने के साथ डेंगू का खतरा भी बढ़ने लगा है। फिलहाल इसके बेहद कम मामले सामने आए हैं इसलिए स्थिति को नियंत्रण में माना जा रहा है। मलेरिया की शिकायत को लेकर भी रायपुर जिले में एक भी केस नहीं मिलने के सरकारी दावे किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में रायपुर जिले को मलेरिया फ्री होने के दावे को लेकर प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है।

### विशेषज्ञों का कहना

बारिश के मौसम में पानी को उबालकर पीना जरूरी है। दूषित जल के उपयोग से डायरिया सहित अन्य समस्या आ सकती है। बीमारी से दूर रहने बासी खाने से परहेज करना आवश्यक है। किसी तरह की समस्या होने पर चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

#### बारिश के मौसम में बीमारी बढ़ जाती है

बारिश के मौसम में इस तरह की बीमारी बढ़ जाती है। इस बार भी मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं मगर इनकी संख्या बेहद बढ़ी है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। खानपान को नियंत्रित कर बीमारियों को रोका जा सकता है।

- **डॉ. आरएल खरे,** मेडिसिन विशेषज्ञ, आंबेडकर अस्पताल

#### सिरदर्द और बेहद कमजोरी की शिकायत

पिछले कुछ दिनों से बुखार की समस्या वाले मरीज बढ़े हैं। उन्हें सिरदर्द और बेहद कमजोरी की शिकायत भी हो रही है। इन्हें तीन दिन दवा देने की जरूरत है। इस मौसम में सावधानी बरतना जरूरी है।

- **डॉ. विनय वर्मा,** एमडी चिकित्सक, आंबेडकर अस्पताल

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## महंत का भाजपा नेताओं से सवाल- बेर का अभी सीजन नहीं फिर कहां से ले गए अयोध्या

विधानसभा में शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भाजपा नेताओं से राम लला को भेंट किए बेर पर घेरा। उन्होंने कहा, अभी बेर का सीजन नहीं है, बेर न शिवरीनारायण में मिल रहा, न रायपुर में, फिर अयोध्या बेर कहां से ले गए। उन्होंने इसके साथ प्रदेश में भगवान राम से जुड़े स्थलों के विकास को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रामजी के जहां-जहां चरण पड़े थे, ऐसे 75 स्थानों का चयन किया था। हमारी सरकार ने दस स्थानों पर काम शुरू किया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा की सरकार आने के बाद सात महीनों में क्या किसी भी स्थान पर एक ईंट भी रखी? राजेश मूणत सहित अन्य भाजपा विधायकों ने आपत्ति जताते हुए कहा, जनता ने आपको बता दिया छत्तीसगढ़ में क्यों हारे, इस पर महंत ने कहा, बातों को गलत दिशा में आप लोग ले जाते हैं, इसीलिए अयोध्या, प्रयागराज हारे हैं। पीएम मोदी ने श्रीराम सर्किट बनाने का वादा किया है, उसमें छत्तीसगढ़ का नाम नहीं है, उसे जोड़वा दें।



## 7 हजार 329 करोड़ से अधिक का अनुपूरक, आज होगी चर्चा

राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। यह अनुपूरक 7 हजार 329 करोड़ 35 लाख, 62 हजार 700 रूपयों का है। विधानसभा पटल पर अनुपूरक पेश किए जाने के बाद आसंदी से अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि अनुपूरक पर मंगलवार को चर्चा की जाएगी। अनुपूरक बजट प्रस्ताव में 81 बिंदुओं के आधार पर अनुदान मांगें रखी गई हैं। इसमें सरकार के लगभग सभी विभागों के लिए अलग-अलग राशि का प्रावधान रखा गया है। इस पर मंगलवार को सत्ता एवं विपक्ष के सदस्य अपनी बात रखेंगे। इस पर चर्चा पूरी होने के बाद अनुपूरक बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। इस अनुपूरक में सबसे अधिक राशि करीब ढाई हजार करोड़ रुपयों का प्रावधान महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए किया गया है। इसके बाद अनुसूचित जाति उपयोजना, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकायों के लिए प्रावधान कि गए हैं।




**एसआईटी जांच की देर पर उठे सवाल**

# बिरकोना में किसान की मौत का मामला उठा, होता रहा शोर-शराबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कबीरधाम जिले के बिरकोना गांव में एक किसान की मौत का मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा विधायक भावना बोहरा ने उठाया, लेकिन इस पर जब गृहमंत्री विजय शर्मा जवाब देने आए तो विपक्षी कांग्रेस के सदस्य पूरे समय गृभगृह में आकर शोरशराबा करते रहे। विपक्ष के लोग बलौदाबाजार हिंसा मामले को लेकर अपनी आवाज उठाने की कोशिश करते रहे।



विधायक भावना ने लगाया था ध्यानार्कषण

विधायक भावना बोहरा ने किसान की मौत का मामला उठाते हुए कहा कि बिरकोना निवासी कोमल साहू 35 वर्षीय किसान की हत्या 6 मई को की गई थी, जिससे ग्रामीणों में डर व भय का वातावरण बना हुआ है। स्थानीय थाना द्वारा इसकी जांच व कार्यवाही के नाम पर कई दिनों तक थाना का चक्कर लगाने के बाद एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। जब ग्रामीणों द्वारा इस घटना की तलब थाना में की गई, तो पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक को फांसी लगाकर आत्महत्या का रूप दे दिया गया, जबकि मृतक के शरीर में काफी चोट के निशान पाए गए थे। जब यह घटना प्रदेशभर में गूंजने लगी तब एसआईटी का गठन कर दिया गया। उसमें भी अब तक रिपोर्ट नहीं दी गई है। दोषियों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण ग्रामीणों व परिवार जनों में रोष व आक्रोश व्याप्त है।




### गृह मंत्री ने दिया जवाब

इस संबंध में गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपना जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष के सदस्य जोरदार शोर-शराबा करते रहे। इस बीच गृह मंत्री ने कहा कि शासन के आदेश पर 15 जून को एसआईटी टीम गठित है। इसमें पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के नेतृत्व में निरंतर जांच की जा रही है। इस पर भावना बोहरा ने कहा कि जो एसआईटी का गठन हुआ है, उसमें कहा गया कि सात दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट जमा करें, लेकिन इस बात को 37 दिन हो गए हैं। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट जमा नहीं की है और न ही इसका जवाब आया है। गृह मंत्री ने इसके जवाब में कहा कि अभी इसमें समय लग सकता है। चूंकि जांच बड़ी है। केस डायरी में पुलिस ने कहीं नहीं लिखा है कि हत्या हुई है। इस चर्चा के बीच भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि सबसे पहले ये बता दीजिए कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या आया है और घटना कब की है। इसके जवाब में गृहमंत्री ने कहा कि मैं आपको पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध करवा दूंगा।

## फर्जी सील और हस्ताक्षर से वन अधिकार पट्टा, मंत्री ने कहा- मामले की जानकारी दें परीक्षण कराएंगे

गरियाबंद जिला में फर्जी वन अधिकार पत्र के मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई। सत्ता पक्ष के विधायकों का कहना था कि जिन्होंने फर्जी हस्ताक्षर कर यह इस तरह के दस्तावेज तैयार किए हैं, उसकी जांच हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वही राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की बात कही है।



प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव के प्रश्न के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि गरियाबंद जिला के सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर और फर्जी सील लगाकर वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने की शिकायत कलेक्टर को हुई थी। कलेक्टर ने इसकी जांच के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी ने जांच की। जांच में पता चला कि जिस संजय नेताम पिता जौहर नेतमा और उनकी पत्नी अनिता नेताम के नाम से फर्जी पट्टा प्राप्त करने की शिकायत की गई थी। उन्होंने पट्टा के लिए किसी तरह का आवेदन नहीं दिया था, इसका प्रतिवेदन क्लेक्टर को भेजा गया, शिकायत निराधार पाया गया।

**अपात्र लोगों दिया गया वन पट्टा** : जनक ध्रुव ने कहा, मेरे पास दस्तावेज है जिसमें अपात्र लोगों ने वन भूमि हासिल किया है। वहीं, पात्रता रखने वालों को आज तक वन पट्टा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य स्तरीय समिति बनाकर फिर से जांच कराने की मांग की। मंत्री ने कहा, यदि आपके पास कुछ है, तो हम उसका परीक्षण करेंगे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, यह प्रकरण 2018 का है। जो शिकायत मिली ग्राम वन समिति, एसडीएम स्तर और जिला स्तर की समिति ने कार्रवाई करने की मांग है। कार्रवाई करेंगे क्या, उमेश पटेल ने कहा कि यह फर्जी हस्ताक्षर का मामला है, आपने मांग पत्र वापस करा दिया, इसकी जांच होनी चाहिए।

## पांच दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही में 5 दिवंगत पूर्व विधानसभा सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत सदस्य मकसूदन लाल चंद्राकर, अमीन साय, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, अग्नि चंद्राकर और अंतु राम कश्यप के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदस्यों के निधन को राजनीति और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व सदस्यों के निधन पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। इसके साथ नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी श्रद्धांजलि देते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, दिवंगत पूर्व सदस्यों के साथ एक पारिवारिक संबंध रहा है। उनका जाना हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है।*

## छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की भर्ती जल्द, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

- छत्तीसगढ़ में टीचर्स की संख्या राष्ट्रीय औसत से बेहतर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 26 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में 21 बच्चों के बीच एक शिक्षक है। राष्ट्रीय स्तर पर औसत शिक्षकों के मामले में छत्तीसगढ़ बेहतर स्थान पर है। राज्य में जहां पर शिक्षक नहीं है, वहां युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है, इससे इस समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके बाद शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रश्नकाल में रायपुर के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या को लेकर सवाल हुआ। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, मेरे क्षेत्र में 90 स्कूल हैं, जिनमें से अधिकतर स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई स्कूल हैं, जो शिक्षक विहीन हैं। माना में एक स्कूल में केवल दो शिक्षक हैं। उन्होंने पूछा कि रायपुर के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में मानक के आधार पर शिक्षकों के भरे एवं रिक्त पदों की संख्या कितनी है। रिक्त पदों पर नियमित भर्ती के लिए शासन क्या प्रयास कर रहा है और रिक्त पदों पर भर्ती कब तक शुरू की जावेगी? स्कूल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, रायपुर जिला में 7 हजार 939 शिक्षकों के पद हैं, इनमें 1 हजार 954 पद खाली हैं। साय ने बताया कि पदोन्नति अंतर्गत भरे जाने वाले पदों में पदोन्नति की कार्यवाही प्रचलन में है। सीधी भर्ती के रिक्त पदों में नियमित भर्ती के लिए समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। अजय चंद्राकर ने कहा कि ऐसे कितने स्कूल हैं, जहां अतिरिक्त शिक्षक हैं। साय ने कहा कि अभी यह दे पाना संभव नहीं है।



## खबर संक्षेप

### पायलेट कल आएंगे

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में हिस्सा लेने 24 जुलाई को रायपुर आएंगे। हालांकि उनका कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। वहीं प्रदेश के प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, विजय जांगिड़ 23 जुलाई को ही सुबह रायपुर पहुंच रहे हैं। वे यहां पर राजीव भवन में विधानसभा घेराव की तैयारियों के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और प्रभारियों से चर्चा करेंगे। दोनों नेता मंडीगेट के पास से होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम दिल्ली लौट जाएंगे।



### मंडी बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष बने पोर्ते

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ के चुनाव में डॉ. मालिकराम पोर्ते को प्रातांध्यक्ष और नंदकिशोर सोनी को प्रांतीय सचिव चुना गया। बोर्ड कर्मचारी संघ के चुनाव में प्रातांध्यक्ष के लिए चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान पर थे। इसमें मालिक राम पोर्ते को सबसे अधिक मत मिले। वहीं सचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान पर थे, उनमें नंद किशोर सोनी ने जीत दर्ज की है।



### 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण होंगे

**रायपुर।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री राम विचार की पहल पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के विभिन जिलों में 211 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आश्रम-छात्रावास भवनों का निर्माण होगा।

**सत्र के पहले ही दिन मुख्यमंत्री निवास पर रात को हुई बैठक**

# मानसून सत्र को लेकर एक बार फिर भाजपा विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद एक बार फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र के साथ ही विपक्ष के सवालों का जवाब देने को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी शामिल हुए।

विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ है। कांग्रेस ने सत्र के बीच में ही 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव भी करने का फैसला किया है। इस सत्र में आगे के दिनों की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री निवास में रात को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित भाजपा के सभी विधायक शामिल हुए। इसमें आगे के सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई।





सत्र में क्या-क्या होना है, इसको लेकर चर्चा के साथ विपक्ष द्वारा किए जाने वाले सवालों को लेकर भी तैयारी की गई। विपक्ष किस मामले में क्या कर सकता है, किस मामले में हंगामा होगा, किस मामले में स्थगन प्रस्ताव आ सकता है, इन सब मामलों में क्या-क्या करना है, इसको लेकर रणनीति बनी। इसी के साथ तय किया कि किस मामले में किनको बोलना है। मंत्रियों के अलावा विधायकों की भी जिम्मेदारी तय की गई।

# जोन कमिश्नरों का तबादला, 10 में 5 जोन के कमिश्नर बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले जोन कमिश्नरों का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय का आदेश सोमवार को जारी किया है। आदेश के मुताबिक जोन 3,4,7 और 8 में पदस्थ कमिश्नरों को दूसरे जोन में पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा निगम में पदस्थ एक उपायुक्त को जोन 8 में बतौर जोन कमिश्नर पदस्थापना दी गई है।

आदेश के मुताबिक जोन 7 में पदस्थ जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बांबरा को जोन 3, जोन 8 में पदस्थ जोन आयुक्त अरुण ध्रुव को जोन 4 और जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह को जोन 7, जोन 4 के जोन आयुक्त राकेश शर्मा जोन 10 में नवीन पदस्थापना दी गई है। वहीं नगर निगम मुख्यालय में पदस्थ उपायुक्त एके हालदार जोन 8 में जोन आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है।



### निर्वाचन जनगणना का प्रभार कृष्णा खटिक को

नगर निगम के उपायुक्त कृष्णा खटिक को निर्वाचन और जनगणना का प्रभार दिया गया है। जन्म मृत्यु और विवाह पंजीयन का प्रभार नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सौंपा गया है। इसके साथ जोन 6 के जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल को जोन 10 के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। वे पहले की तरह जोन 6 कमिश्नरी का कार्य देखेंगे। निगम आयुक्त की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# तीन कर्मचारियों के भरोसे लैब, पंद्रह दिन की जांच रिपोर्ट तीन महीने बाद मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम बाजार से सैंपल तो उठा रही है, मगर रिपोर्ट के अभाव में उनकी जांच में देर हो रही है। इसकी प्रमुख वजह पंद्रह दिन में मिलने वाली सैंपल रिपोर्ट का तीन महीने बाद मिलना है। राज्य के एकमात्र परीक्षण शाला में वैसे तो 31 कर्मचारियों का सेटअप है, मगर काम करने वालों की संख्या महज तीन है।

जानकारी के अनुसार सेटअप के हिसाब से कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा चुका है, मगर अनुमति नहीं मिलने की वजह से अब तक भर्ती नहीं की जा सकी है। सूत्रों के अनुसार खाद्य और औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में वैसे तो 31 पद स्वीकृत हैं, मगर वर्तमान में वहां तीन कर्मचारी काम कर रहे हैं। इनमें एक फूड एनालिस्ट और दो लैब टेक्निशयन अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। लैब में काम कर्मचारियों की बड़ी कमी वजह से खाद्य निरीक्षकों द्वारा बाजार से लाए जाने वाले सैंपल जांच के लिए डंप हो जाते हैं और उनकी जांच कार्रवाई में काफी विलंब हो जाता है। सूत्रों के अनुसार खाद्य विभाग द्वारा पिछले कुछ समय में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है और संदेह के आधार पर दर्जनों सैंपल उठाए गए थे। इन सैंपलों की जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और रिपोर्ट के अभाव में आगे की जांच रुकी हुई है।



### निरीक्षकों की भी आधी टीम

लैब के अलावा मैदानी स्तर पर काम करने वाले खाद्य निरीक्षकों की भी आधी टीम प्रदेश में काम कर रही है। यहां निरीक्षकों के 110 पद स्वीकृत है मगर जांच की जिम्मेदारी 50 निरीक्षकों के पास है। राज्य में वर्तमान में 18 हजार बड़े और करीब एक लाख फुटकर व्यापारी है जो अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जांच की जिम्मेदारी निभाते हैं।

**सीएम की पहल, समाज ने जताया आभार**

# पबिया, पविया, पवीया को एससी में पाव जाति के साथ शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्षों से अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करने की बाट जोह रही छत्तीसगढ़ की पबिया, पविया, पवीया जाति को अनुसूचित जनजातियों की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने के लिए संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री ने इन जातियों का नृजातीय अध्ययन प्रतिवेदन अनुशंसा सहित भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजा है। प्रदेशभर से आए पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक रामकुमार यादव के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा के समिति कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनकी इस संवेदनशील पहल के लिए आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की लंबे समय से अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल होने की मांग थी।*

### 22 साल से प्रमाणपत्र बनना बंद

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मध्य प्रदेश के समय उन लोगों के अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्र बन रहे थे, लेकिन मात्रात्मक त्रुटि के कारण पिछले 22 वर्षों से प्रमाणपत्र बनना बंद हो गया है, इसकी वजह से हमारे बच्चों को अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। हमारे बच्चे पढ़ाई-लिखाई में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को अनुशंसा सहित प्रतिवेदन भेजने के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूरे प्रदेश में इन जातियों की जनसंख्या लगभग 22 हजार है। यूं तो ये लोग पूरे प्रदेश में पाए जाते हैं लेकिन प्रमुख रूप से चंद्रपुर, रायगढ़, लैलूंगा, खरसिया, पेंड्रा, मरवाही और जशपुर में रहते हैं। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति का नृजातीय अध्ययन करने के बाद प्रतिवेदन तैयार किया है, जिसमें इन जातियों को लक्षणों के आधार पर अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अनुशंसा की गई है।

# कलेक्टोरेट में जनसमस्या निवारण के लिए खोला गया कॉल सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आम लोगों की शिकायत दर्ज कराने के लिए कलेक्टोरेट में कॉल सेंटर खोला गया है। कमरा नंबर 4 में संचालित यह सेंटर 24 घंटे खुला रहेगा, जिसमें कोई भी व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकता है। इस शिकायत का त्वरित गति से निराकरण भी किया जाएगा। कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा उपस्थित थे।



### हेल्प लाइन नंबर जारी

कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन शिकायतों के लिए हेल्फ लाइन नंबर जारी किया गया हैं। इसमें मोबाइल नंबर 9977222564, 9977222574, 9977222584, 9977222594 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते है। दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा दी गई है। इस कॉल सेंटर में दिव्यांग भी अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करा सकते हैं। दिव्यांगों की समस्याएं वीडियो कॉल में सांकेतिक माध्यम से सुनी जाएंगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



**ख़बर संक्षेप**



## शास्त्री बाजार में झोला बैग एटीएम का महापौर ने किया शुभारंभ

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से सोमवार को झोला बैग एटीएम मशीन का महापौर एजाज ढेबर ने शुभारंभ किया। श्री ढेबर ने 10 रुपये का सिक्का मशीन में डालकर महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों के माध्यम से निर्मित कपड़े का बैग प्राप्त किया। दरअसल, दैनिक जीवन में पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़ा बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने नगर निगम ने अभियान चलाया है।

## सरकारी कर्मी फिर हड़ताल की तैयारी में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक बार फिर कर्मचारियों अधिकारियों की मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत जिन मांगों को लेकर लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि राज्य शासन द्वारा अभी तक इन मुद्दों के निराकरण के लिए ठोस पहल नहीं की गई है। यह शासकीय सेवक हित में नहीं है। इसके कारण प्रदेश के शासकीय सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया गया है।

## सहायक ग्रेड सहित नर्सिंग परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक ग्रेड-3 भर्ती परीक्षा के साथ ही नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा सहायक ग्रेड-3 के साथ ही पोस्ट बेसिक नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर लिंक भी भेजा गया है। इसमें क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## कलेक्टर ने आरटीई को प्रभावी बनाने ली बैठक



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभा कक्ष में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पिछले 5 वर्षों में ड्रॉपआउट हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से अध्ययनरत विद्यार्थियों के मन में निजी विद्यालयों के प्रति संतोषप्रद के संबंध में जानकारी ली।

# बिजली की खपत पर राहत की बारिश, डिमांड घटकर 47 सौ मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में जो गर्मी आ गई थी, उस पर सावन आते ही बारिश होने से पानी फिर गया है। जो खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही थी, वह घटकर अब 47 सौ मेगावाट हो गई है। जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 19 सौ मेगावाट के आस-पास ही उत्पादन हो रहा है। 210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण अब तक बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 25 से 27 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। मानसून के मौसम में दो दिन पहले तक ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर दिख रहा था।

**11 सौ मेगावाट तक खपत कम होने से अब सेंट्रल सेक्टर से ले रहे 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली**

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन इस समय संयंत्रों में उत्पादन महज 19 सौ मेगावाट हो रहा है। एक तो 210 मेगावाट के दो यूनिट बंद हैं। इसी के साथ अन्य संयंत्रों में क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज अलग-अलग समय में जरूरत के हिसाब से 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही है। कुछ दिनों पहले 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली ले रहे थे।



ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ गया था। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे थे। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई थी। बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है, लेकिन इस समय सावन के आते बारिश होने के कारण फिलहाल खपत कम हो गई है। अब पीकआवर में खपत 47 सौ मेगावाट और सामान्य समय में खपत 42 से 45 सौ मेगावाट तक जा रही है।

### अमन साव 15 दिन में दूसरी बार गिरडीह से चाईबासा जेल शिफ्ट

# प्रोटेक्शन वारंट से बचने अमन साव जेलर की पत्नी पर हमला कराकर दूसरी जेल में हुआ शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शूट आउट कांड में शामिल नेक्सेस को तोड़ने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बावजूद इसके बदमाश पुलिस के साथ लुका छिपी का खेल, खेल रहे हैं। झारखंड जेल में बंद अमन साव से पूछताछ करने पुलिस उसे रायपुर लाने दो बार प्रोटेक्शन वारंट हासिल करने के बाद भी रायपुर नहीं ला पाई है। इसकी वजह बदमाश को जिस दिन रायपुर लाना रहता है, उसके एक दिन पूर्व अमन जेल में कोई आपराधिक घटना को अंजाम दे देता है, जिसकी वजह से उसे दूसरी जेल में शिफ्ट करना पड़ता है। अमन को रायपुर लाने पुलिस को नए सिरे से प्रोटेक्शन वारंट हासिल करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 13 जुलाई को रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के दफ्तर के बाहर खड़ी कार में बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने घटना से जुड़े अब तक छह बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसमें घटना का मास्टर माइंड अमनदीप बाल्मीकि भी शामिल है। शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीम छापे की कार्रवाई कर रही है।

### आधा दर्जन टीम कई शहरों में कर रही छापे की कार्रवाई

पुलिस को आशंका है कि शूट आउट की घटना को अंजाम देने एक दर्जन से ज्यादा बदमाश शामिल हैं, जिनमें पंजाब, हरियाणा, झारखंड के बदमाश शामिल हैं। इसलिए पुलिस की कई टीमें बदमाशों की धरपकड़ के लिए झारखंड के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में छापे की कार्रवाई कर रही है।

**अमन को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने जेल डीजी को पत्र लिखने की तैयारी**

### अमन ने जेलर की पत्नी पर करवाया हमला

झारखंड जेल में बंद अमन साव को अपने प्रोटेक्शन वारंट में ले जाने की जानकारी पहले ही मिल जा रही है। इसी के चलते अमन ने प्रोटेक्शन वारंट से बचने रांची जेल में जेलर पर हमला किया। इसके बाद उसे गिरडीह जेल शिफ्ट किया गया। गिरडीह जेल से अमन को सोमवार को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाना था। इसकी भी जानकारी अमन को जेल में मिल गई। इसके बाद उसने जेलर की पत्नी पर हमला करा दिया, जिसके कारण अमन को रातों रात गिरडीह से चाईबासा जेल शिप्ट किया गया। इस तरह से अमन साव तीसरी दफा रायपुर पुलिस से बच निकला। इसीलिए पुलिस अमन को रायपुर लाने झारखंड के जेल डीजी को पत्र लिखने की बात कह रही है।


गैंगस्टर अमर ने हरियाणा के गिरोह को सौंपा था शूटआउट का जिम्मा, छह धरे गए, शूटर अभी गायब

**पूर्व में छोटे-मोटे कंस्ट्रक्शन कारोबारियों से लेवी**

*पुलिस के अनुसार अमन साव का गैंग झारखंड में पूर्व में छोटे-मोटे सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को धमकाकर वसूली करने का काम करता था। इसके बाद वह अपने गुर्गों की मदद से बड़े कंस्ट्रक्शन ग्रुप तथा कोल कारोबार से जुड़े कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने का काम करने लगा। इसी कड़ी में अमन साव का गैंग पिछले तीन साल में रायपुर तथा कोरबा के चार कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने तीन बार फायरिंग की घटना को अंजाम देने के साथ एक बार शूट आउट करने के पूर्व पकड़ा गया।*

**60 करोड़ में हुई थी डील :** *आरोपियों से पुलिस पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक अमन साव ने कारोबारी से ग्रुप से 60 करोड़ रुपए मांगे थे। साथ ही अमनदीप को रायपुर में शूट आउट की घटना को अंजाम देने के लिए सात लाख रुपए में सुपारी दी थी, जिसमें से एक लाख रुपए शाहिद ने शूटर के अकाउंट में ट्रांसफर कराया था। शेष रकम किनको कितनी मिलनी थी, पुलिस इस बात की जांच कर रही है।*

### शूटर हासिल करने हरियाणा के बदमाश को जोड़ा

पुलिस के अनुसार झारखंड में कुछ कोल काराबारियों से लेवी वसूली में सफलता पाने के बाद अमन को अपने गैंग को बढ़ाने तथा लेवी देने से इनकार करने वाले कारोबारी समूह में खौफ पैदा करने के लिए शूटरों की जरूरत थी। इसके लिए उसने हरियाणा के बदमाश अमनदीप तथा कथित तौर पर मलेशिया में बैठे छद्म नाम के बदमाश मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा और राजस्थान के बदमाश पप्पू सिंह को अपने गैंग में शामिल किया। पुलिस के अनुसार हरियाणा, पंजाब तथा राजस्थान में आसानी से शूटर मिल जाते हैं, इसलिए अमन ने इन राज्यों के बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया।

**ऑनलाइन मोड में पढ़ाई**

# कल दो दर्जन स्कूल बंद रखने की तैयारी, 15 हजार छात्र होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस का विधानसभा घेराव कल, बैरिकेडिंग सहित कई बंदोबस्त आज से ही
- विधानसभा रूट पर एक दर्जन बड़े और लगभग एक दर्जन मंझोले स्कूल

जिले के दो दर्जन स्कूल कल बंद रह सकते हैं। ये वे स्कूल हैं, जो विधानसभा मार्ग पर स्थित हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को किए जा रहे विधानसभा घेराव को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा मंगलवार को बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेकर पालकों को इस संदर्भ में सूचित किया जाएगा। विधानसभा मार्ग पर लगभग दो दर्जन निजी स्कूल हैं। इनमें से एक दर्जन बड़े निजी स्कूल हैं तथा शेष एक दर्जन मंझोले स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 15 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

इन स्कूलों में आरके शादडा, ब्राइटन, डीपीएस, ज्ञान गंगा, प्ले होम हाइट्स, आरंभ जैसे अधिक छात्र संख्या वाले स्कूल भी छात्र हैं। इन स्कूलों की बसें उसी मार्ग से होकर गुजरती हैं, जहां कांग्रेसियों को विधानसभा घेराव से रोकने बैरिकेट्स लगाए जाएंगे। इससे बचने के लिए स्कूलों को शंकर नगर मार्ग से बसें लानी- ले जानी होगी। यह रूट अत्यधिक लंबा पड़ेगा। छुट्टी के बाद छात्रों को घर पहुंचने में भी विलंब होगा। इसके अलावा अन्य किसी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय अधिकतर प्रबंधन द्वारा लिया गया है।

### स्कूल छूटने तक इंतजार का आग्रह

मंगलवार को ही बैरिकेट्स लगा दिए जाएंगे। हमने प्रशासन से मांग की है कि मंगलवार को स्कूल छूटने के बाद घेराबंदी की जाए, ताकि बच्चे तय वक्त पर घर पहुंच सकें।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

### निर्धारित वक्त में कोर्स करना है पूर्ण

स्कूलों में बुधवार को ऑनलाइन मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। विधानसभा मार्ग में स्थित अधिकतर स्कूल सीबीएसई संबद्ध हैं। बोर्ड द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार टेस्ट, प्रायोगिक परीक्षाओं सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ण करनी होती है। समय पर कोर्स पूरा करने के लिए स्कूलों द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। शाला प्रबंधन का कहना है कि गर्मी के कारण अप्रैम में कक्षाएं पहले ही बंद कर दी गई थीं। इसके अलावा जुलाई में भी निर्धारित तिथि से बाद में शाला प्रारंभ हुए। इसके कारण पहले ही छात्रों की पढ़ाई का नुकसान हो चुका है।

# डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने विधानसभा घेरने निकाली रैली, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकाली। इस दौरान पुलिस बल ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदर्शनकारियों को 200 मीटर आगे बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया।

अभ्यर्थी प्रदेशभर में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की मांग को लेकर घंटों नारेबाजी करते रहे। धरना स्थल पर प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान धरना स्थल पर खासी रौनक देखने को मिली। वहीं 18 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार से 2 दिवसीय धरना प्रदर्शन का आगाज किया।

### 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त भर्ती नहीं, अभ्यर्थी बिफरे

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना व विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि प्रदेश के स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त होने के बाद भी प्रदेश सरकार ने अब तक शिक्षकों की भर्ती को लेकर कोई पहल नहीं की, जबकि प्रदेशभर में डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी इसके लिए एक अरसे से इंतजार कर रहे हैं। उनका ये कहना था कि प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है, नई शिक्षा नीति 2020 को साय सरकार ने लागू करने का एलान किया है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि प्रदेश के स्कूलों में अभी भी 60000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है । जिसकी जानकारी विधानसभा के मुख्य बजट के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देते हुए शिक्षकों के 33 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा



विधानसभा के माध्यम से की थी।,पर विधानसभा के मुख्य सत्र के दौरान की गई घोषणा पर आज तक प्रदेश सरकार ने कोई भी पहल नही की है। न उन पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई । संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के 78,000 से ज्यादा पद रिक्त है किंतु विधानसभा मे केवल 57,000 का आंकड़ा प्रस्तुत किया है। प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां केवल एक शिक्षक है । 700 से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां शिक्षक ही नही है। हमारी मांग है कि 33 हजार शिक्षकों के पदों पर भर्ती तत्काल प्रारम्भ हो। शिक्षक व व्याख्याता के पदों में वृद्धि हो, व्यायाम शिक्षक व लाइब्रेरियन के पदों को वृद्धि कर उन पदों में भर्ती हो, नई शिक्षा नीति अंतर्गत छत्तीसगढ़ी भाषा शिक्षा के लिए इन विषयो में पद सृजित कर पीजी डिप्लोमा धारी की नियुक्ति स्कूलों में कई जाए।



**संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया धरना, घंटों की नारेबाजी :** *तूता के धरना स्थल पर नियमितीकरण, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति दूर करने सहित 18 सूत्रीय मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेश भर से राजधानी में जुटे हैं।*

# गूगल रिव्यू, शेयर ट्रेडिंग के जालसाज छत्तीसगढ़ के अकाउंट के साथ ही सिम का कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निम्न आय वर्ग के लोगों को पैसों का लालच देकर बैंक में अकाउंट खुलवा रहे

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज कार्पोरेट ग्रुप की तरह गैंग बनाकर लोगों के साथ ठगी की घटना कर रहे हैं। पुलिस ने जालसाजों को फर्जी सिम बेचने के आरोप में दुर्ग के जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उससे पूछताछ में पुलिस को इसकी जानकारी मिली है।

साइबर पुलिस के मुताबिक जालसाजों के पास छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से सिम पहुंचने की जानकारी मिली है, जिनमें से 66 सिम जालसाजों के पास पहुंचे जाने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा ढाई सौ सिम की पुलिस जांच कर रही है। इसी तरह से जालसाज छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के निम्न आय वर्ग के लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाकर उनके अकाउंट को ठगी की रकम जमा करवाने के साथ आहरण करने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ज्यादातर बैंक अकाउंट सरकारी बैंकों के

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह ठगी करने जिन बैंक अकाउंट का उपयोग कर रहे हैं, उसके लिए जालसाज सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवा रहे हैं। सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवाने की वजह लोगों को जालसाजी की भनक नहीं लगे, इस वजह से जालसाज सरकारी बैंक अकाउंट ठगी के लिए उपयोग कर रहे हैं।


वाट्स एप ग्रुप बनाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी देने के बहाने लूट रहे जालसाज

### शेयर फ्रॉड आर्गेनाइज्ड क्राइम

पुराने कानून में संगठित अपराध के लिए अलग से कोई धारा नहीं होने के साथ सजा का प्रावधान नहीं था। नए बीएनएस कानून में साइबर फ्रॉड को संगठित अपराध की श्रेणी में रखते हुए सख्त सजा का प्रावधान है। ऐसे में ठगी के आरोप में पकड़े जाने वालों के साथ ही जालसाजों को खाता, सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले तथा खाताधारक भी आरोपी बनेंगे।

### रायपुर में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छह माह के भीतर शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार जालसाज शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रायपुर जिले में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। ठगी का शिकार होने वालों में ज्यादातर कारोबारी के साथ ही नौकरी पेशा वर्ग के लोग शामिल हैं।

### कई नेटवर्क से होकर पहुंच रहा अकाउंट के साथ सिम

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू के नाम पर ठगी करने वालों के पास बैंक अकाउंट, सिम कार्ड कई नेटवर्क से होते हुए पहुंचता है। पुलिस के अनुसार जालसाजों को सिम तथा बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाली एक अलग टीम रहता है, जिसका काम घूम-घूमकर बैंक अकाउंट तथा सिम कलेक्ट करना रहता है।

### अकाउंट खुलवाने पांच से दस हजार का लालच

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गरीब तबके के लोगों को पांच से दस हजार रुपए देने का लालच देकर उनके नाम से बैंक में अकाउंट खोलवा रहे हैं। अकाउंट खुलवाने के बाद खाताधारक के बैंक पासबुक, एटीएम तथा चेकबुक अपने पास रख जालसाजों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

### ठगी कहीं और से, आहरण किसी दूसरी जगह से

पुलिस के अनुसार जालसाजी करने वाले जालसाज ठगी करने की घटना को अंजाम देने के बाद अलग-अलग लोगों के नाम से खरीदे गए अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराने का काम करते हैं। इसके बाद अकाउंट में ट्रांसफर रकम को तत्काल बाद किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद कई चैनलों से रुपए आहरण कर ठगी करते हैं। इसके चलते जालसाजों के पकड़े जाने के बाद भी रुपए रिकवर नहीं हो पाता।

**बिजनेस साइट**

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



**रायपुर।** चंगोराभांटा शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में सोमवार को गुरु पूर्णिमा मनाया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश गुप्ता ने मां सरस्वती को फूल माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना किया गया। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता ने बताया कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व है भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। गुरु को महत्व देने के लिए ही महान गुरु वेदव्यास की जयंती पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने मनाया अपना 117वां स्थापना दिवस



**रायपुर।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की श्रृंखला के साथ धूमधाम से अपना 117 वां स्थापना दिवस मनाया।

पूरे छत्तीसगढ़ में बैंक द्वारा कुल 1175 पौधे लगाए गए 117 यूनिट रक्त दान किए गए। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बैंक द्वारा एम्स को व्हीलचेयर, कई विद्यालयों में वाटर कूलर, वंचित बच्चों को स्कूल बैग और अनाथालय में खाद्यान्न भेंट कर जन हितैषी कार्य किये। रायपुर में आयोजित इन समस्त कार्यक्रमों में भरतकुमार चावड़ा, डॉ रमेश कुमार मोहंती, रंजीत कुमार मंडल, किसलय प्रसाद, प्रदीप कुमार यादव, चंदन दत्ता, संदीप कुमार मान, मलयकुमार एम पांचाल सहित बैंक के अन्य कार्यपालक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप, उधर स्कूल ने कहा- गलती छिपाने झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली हाट्र्स स्कूल में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने स्कूल के एक शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं शाला प्रबंधन का कहना है कि उस छात्र द्वारा अपने शिक्षक को अपशब्द कहे गए थे। इसके बाद छात्र ने गलती स्वीकारते हुए लिखित माफी भी मांग ली। अब छात्र द्वारा पिटाई करने संबंधित झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। घंटेभर से अधिक समय तक शाला परिसर में नारेबाजी चलती रही। छात्रसंगठन के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए। हल्की झूमाझटकी की भी स्थिति इस दौरान निर्मित हुई। एबीवीपी का कहना है कि इस घटना से स्कूल में छात्रों की सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता पैदा हो गई है। छात्र संगठन ने इस घटना में शामिल शिक्षक के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के



प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, 10वीं कक्षा के 15 वर्षीय विद्यार्थी को मारना निंदनीय है। बालक की मां ने बताया कि उनका बच्चा आत्महत्या करना चाह रहा था और घर में लगातार रो रहा था। स्कूल प्रशासन अगर कढ़ी कार्यवाही नहीं करती है, तो हम कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित लगभग 50 कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल रहे।

**हमसे संपर्क नहीं :** *पालक ने हमसे संपर्क नहीं किया। सीधे छात्र संगठन से बात की, जबकि इस तरह की कोई घटना कैंपस में घटित ही नहीं हुई है। - **आशुतोष सिंह,** प्रबंधक, होली हाट्र्स स्कूल*



श्रावन मास के पहले दिन और प्रथम सोमवार को भक्तों का हुजूम शिव मंदिरों में उमड़ पड़ा। बारिश भी भक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी। नजारे ऐसे रहे कि भक्तगण छाता पकड़कर ही कतार में लगे नजर आए। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सर्वाधिक भीड़ महादेवघाट स्थित हटकेश्वरनाथ मंदिर में रही। इसके अतिरिक्त सरोना शिव मंदिर, बूढ़ेश्वर महादेव और नरहरेश्वर महादेव मंदिर में भी मध्यरात्रि तक भक्तगण दर्शन के लिए पहुंचते रहे।


नरहरेश्वर महादेव

## महादेवघाट : प्रातः 3 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक दर्शन के लिए पहुंचे 7 हजार श्रद्धालु

# शिव भक्तों का हठ...तड़के 3 बजे पहली आरती, इसके बाद 21 घंटों तक हटकेश्वरनाथ के दर्शनार्थ लगी रही लंबी कतार



### महादेव घाट : गणपति रुप में दिए दर्शन

खारुन नदी तट पर स्थित हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में तड़के 3 बजे आरती के पूर्व गणपति रूप में शिवलिंग का श्रृंगार किया गया। आरती के वक्त से ही भक्तों की भीड़ दर्शन के पहुंचने लगी थी। इसके बाद 4 बजे से भक्तों को अभिषेक की अनुमति प्रदान की गई। इसके लिए विशेष अर्घ्य कर व्यवस्था की गई थी। इसके माध्यम से दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल शिवलिंग में अर्पित किए गए। प्रधान पुजारी पं.सुरेश गिरी गोस्वामी के अनुसार, 7 से 8 हजार भक्तों ने मध्यरात्रि 12 बजे तक दर्शन किए। संध्या आरती 7.30 पर हुई।

**रायपुर।** सभी मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री बेचने वालों की भी लंबी कतारें रही। रविवार रात्रि से ही उन्होंने अपनी दुकानें सजा ली थी। बेल पत्र से लेकर धतुरा, कनेर के फूल और दूध की बिक्री होती रही। कई कांवड़ियों ने प्रथम दिवस खारुन नदी से कांवड़ उठाया। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत सोमवार से हो गई। श्रावण मास के प्रथम ही दिन सोमवार होने तथा सर्वार्थ सिद्धी, प्रीति और आयुष्मान योग होने के कारण भक्तों का उत्साह दोगुना रहा।

**सरोना शिव मंदिर, बूढ़ेश्वर महादेव, नरहरेश्वर महादेव मंदिर में भी उमड़ा भक्तों का हुजूम**


महादेव घाट



### नीलकंठेश्वर महादेव : यात्री भी पहुंचते रहे दर्शन के लिए

बस स्टैंड के सामने स्थित होने के कारण यहां यात्री भी दर्शन के लिए पहुंचते रहे। इससे मंदिर में मेले सा माहौल रहा। ब्रह्म मुहूर्त में श्रृंगार-आरती के बाद भक्तों को जलाभिषेक का मौका दिया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों को बारिश से बचाने पंडाल लगाए गए हैं। यह तैयारी पहले ही कर ली गई थी। महादेव के साथ ही मंदिर प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में भी भक्त दर्शनार्थ पहुंचते रहे।

### सरोना शिव मंदिर : चंदन व पुष्प से श्रृंगार

मंदिर प्रबंधन के अनुराग गोस्वामी ने बताया, प्रथम सोमवार को केवल चंदन और पुष्प के संग शिवलिंग का श्रृंगार किया गया। शिवजी को जो भी फूल प्रिय हैं, उन सभी का प्रयोग श्रृंगार में हुआ। यहां तीसरे और चौथे सोमवार को रजत और स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार होता है। बारिश को देखते हुए वॉटर प्रूफ पंडाल लगाए गए हैं, ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी ना हो। प्रथम दिवस लगभग 3 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

**बूढ़ेश्वर महादेव**

### सात्विक भोजन का भोग

बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में पुष्पलोचना रुप में महादेव का श्रृंगार हुआ। मंदिर के पं.अशोक पुरोहित ने बताया कि यहां प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से अभिषेक और पूजन कार्य प्रारंभ हो जाता है। सैकड़ों वर्ष प्राचीन होने के कारण मंदिर की मान्यता अधिक है। इस कारण सावन माह में भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। प्रथम सोमवार को पुष्पलोचना स्वरूप में महादेव ने भक्तों को दर्शन दिए। प्रतिदिन की तरह सात्विक भोजन का भोग उन्हें लगाया गया। संध्याकालीन श्रृंगार और आरती में भी भक्तगण पहुंचे।


महादेव घाट




सुरेश्वर महादेव मंदिर


बूढ़ेश्वर महादेव, बूढ़ापारा


गणेश शिव मंदिर, बूढ़ापारा

### नरहरेश्वर महादेव : प्रारंभ हुआ अखंड पाठ, नहीं बंद होंगे पट

नरैया तालाब स्थित नरहरेश्वर महादेव मंदिर में श्रृंगार के लिए कोलकाता से फूल मंगाए गए थे। रविवार रात्रि से ही कारीगरों ने इन फूलों से द्वार निर्माण प्रारंभ कर दिया था। परिसर में स्थित राम मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर को भी फूलों से सजाया गया। पं.देवचरण शर्मा ने बताया, यहां गुरु पूर्णिमा से अखंड पाठ की शुरुआत हो गई। सावन मास तक मंदिर के पट बंद नहीं होंगे। भक्त 24 घंटे यहां दर्शन कर सकेंगे।

### सुरेश्वर महादेव मंदिर: रुद्राष्टाध्यायी पाठ संग हवन

श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में प्रातः काल 4 बजे से 11 आचार्य ने संग मिलकर भवानी-शंकर की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम से की। भवानी शंकर का श्रृंगार करके रुद्राष्टाध्यायी के पाठ से बेलपत्र के साथ हवन किया गया। छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की एवं छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा की कामना की प्रार्थना की। पुजारी स्वामी राजेश्वरानंद के अनुसार, प्रथम सोमवार में लगभग 2000 भक्तों ने पूजा-अर्चना की व महाआरती का हिस्सा बने।



### नवागांव और टोलाघाट : लंबी दूरी तय करके पहुंचे भक्त

आउटर में स्थित शिव मंदिरों में भी भक्तों की आस्था उमड़ी। नवागांव और टोलाघाट शिव मंदिर में भक्त कई किलोमीटर की दूरी तय करके पहुंचे। सावन सोमवार होने के कारण यहां विशेष श्रृंगार-आरती और पूजन किया गया। उक्त मंदिरों के अतिरिक्त रविवि स्थित शिव मंदिर, बूढ़ातालाब स्थित गणेश-शिव मंदिर में भी भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार हुआ। भक्तों को प्रसादी भी वितरित की गई।


बैद्यनाथ धाम, मोतीबाग



### गंगाजल से बनाई माला

जोरापारा स्थित शिव-बजरंग मंदिर में गंगाजल की बोतलों से विशेष माला बनाई गई। वहीं जय भोले ग्रुप सेवा समितिकाली बाड़ी द्वारा इस वर्ष भी सावन के प्रथम दिन विशेष पूजा अर्चना की गयी और भगवान भोलेनाथ का विशेष साज श्रृंगार दुग्धाभिषेक पश्चात किया गया। भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।




गणेश शिव मंदिर, बूढ़ापारा


नरहरेश्वर महादेव

## सिटी लाइव

# बाधा पारकर उत्कृष्ट प्रदर्शन चिकित्सकों ने किया सम्मान



**रायपुर।** डॉ.भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के ईएनटी विभाग द्वारा दो मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इन छात्रों का कॉक्लियर इम्प्लांट अस्पताल प्रबंधन द्वारा किया गया था। नाक-कान-गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ.हंसा बंजारा ने बताया, ईएनटी विभाग के अंतर्गत सफलतापूर्वक किए गए कॉक्लियर इम्प्लांट के पश्चात शैक्षणिक क्षेत्र में सफल एवं शानदार प्रदर्शन के लिए इन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इनमें से भावना पटेल ने कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है एवं आदित्य तिवारी ने बीएससी (गणित) की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। डॉ. हंसा बंजारा एवं टीम ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अभूतपूर्व प्रयासों के लिए उन्हें भेंट देकर प्रोत्साहित किया।

### सही वक्त पर इलाज है जरूरी

डॉ. हंसा ने बताया कि ये बच्चे कॉक्लियर इम्प्लांट श्रवण यंत्र का इस्तेमाल करते हैं और इसकी सहायता से इन्हें सुनने में मदद मिलती है। इन बच्चों ने समाज को यह साबित कर दिखाया है कि सही समय रहते इम्प्लांट का इस्तेमाल कर समावेशी शिक्षा द्वारा आगे बढ़ा जाए तो ऐसे बच्चे समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। ईएनटी विभाग की पूरी टीम ने दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ● शहर के स्कूलों में आमंत्रित किए गए साधु-संत, बताई गई वेदों की महत्ता

# रोली-तिलक व आरती की थाल थामे पहुंचे शिष्यों ने की गुरु वंदना, अतिथियों ने बताई गुरु की महिमा

गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव लिए हजारों शिष्य सोमवार को स्कूल पहुंचे। रोली से गुरु के माथे पर तिलक लगाने के बाद कपूर जलाकर आरती करते हुए शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन हर्षोल्लास से गुरु वंदना भी की। इसके लिए सुबह शिष्य अपने साथ पूजा के लिए घर से फूल-माला व जरुरी सामान साथ लेकर स्कूल पहुंचे थे।

**रायपुर।** अतिथियों ने गुरु-शिष्य परंपरा समझाई। भगवान राम-कृष्ण और पांडवों ने भी किस तरह से गुरु ज्ञान के लिए त्याग किया, इन तमाम बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। आयोजन के चलते स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा।



### अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु

गुरु हमें असत्य से सत्य और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा पर जेआर दानी विद्यालय में यह बात प्राचार्य डॉ. हितेष दीवान ने कही। वहीं महंत देवदास, वार्ड पार्षद डॉ. सीमा कंदोई, भागवताचार्य पं. रामावतार पांडे ने भारत में वेदों का जिक्र करते हुए श्रीराम, कृष्ण कौरव, पांडवों के जीवन में उनके गुरु वशिष्ठ, सांदीपनि और द्रोणाचार्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। चंद्रशेखर सुरावधनीवार व डॉ. रामलाल पेंडरिया ने गुरु वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता गोवर्धन झा, प्रधान अध्यापिका क्रांति चंद्राकर, व्याख्याता मंजू शर्मा, अनुरिमा शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### ग्रामवासी भी हुए शामिल



गुरु पूर्णिमा को खास बनाने के लिए जिले के स्कूलों में इसे उत्सव की तरह मनाया गया। इससे गोंदवारा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर नवीन शिक्षा नीति-2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षकों ने इससे जुड़ी सामग्री का प्रदर्शन किया। ग्राम प्रमुख नंद कुमार बंजारे, नाथूराम साहू, योगेश यादव, पूर्व प्रधान पाठक गंगदेव साहू एवं पालक भी शामिल हुए। संस्था प्रमुख मंजू शर्मा, महेश साहू, अर्चना तिवारी, अंजू दुबे, शारदा कोचे, सत्यवती गेंद्रे सहित अन्य ने गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला।

### घर से पहुंचे थाल सजाकर

*गुरुनानक चौक स्थित निवेदिता हिन्दी मिडियम हाई स्कूल में सुबह 9 से 11 बजे तक उत्सव का माहौल रहा। यहां गुरु पूर्णिमा को खास बनाने के लिए विद्यार्थी घर से पूजा की थाली, फूल,माला और तिलक लगाने के लिए रोली साथ लेकर पहुंचे। जहां प्राचार्य आरडी वर्मा, शिक्षिका यामिनिश शुक्ला, नीतू शर्मा, तरुप्रभा श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों ने रोली का तिलक लगाने और फूलों की माला पहनाने के बाद गुरु वंदना प्रस्तुत की। कुछ इसी तरह का क्रम मिडिल स्कूल में सुबह की पाली में देखने को मिला। विद्यार्थियों ने प्रधान पाठक बिरेन्द्र अग्रवाल व सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान करने के बाद उनसे आशीष वचन के रुप में मिले मार्गदर्शन को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके बाद गुरुओं को प्रणाम करते हुए उनसे आशीष लेने के बाद घर लौटे।*





### मूल संस्कृति से जोड़ने की पहल

गुजराती शाला में गुरु पूर्णिमा उत्सव सादगी से मनाया गया। मुख्य अतिथि शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण पटेल और अशोक पटेल ने गुरु पूर्णिमा उत्सव को मूल संस्कृति से जोड़ने के लिए अनूठी पहल बताते हुए संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपनी मूल संस्कृति से जोड़ने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना के बाद टीका लगाकर शिक्षकों व अतिथियों का भी सम्मान किया। प्राचार्य अनीस मेमन ने गुरुजनों व विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। संचालन शिक्षक नरेन्द्र ताड़गे व आरती राजपूत ने किया।

## कैंपस लाइव

# अस्पताल की वास्तुकला भी डालती है मरीजों पर प्रभाव




**रायपुर।** एनआईटी में सोमवार को संस्थान के डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग द्वारा "होलिस्टिक अप्रोच टू डिजाइन हॉस्पिटल्स 2024" पर 5 दिवसीय ऑनलाइन शॉर्टटर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन हुआ। पांच दिनों तक चलने वाले इस ऑनलाइन कार्यक्रम में देश के नामी विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रतिभागी क्लासिफिकेशन, नॉर्म्स एंड डिजास्टर मैनेजमेंट, प्लानिंग एंड डिजाइनिंग ऑफ हॉस्पिटल्स, स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स एंड फैसिलिटीज मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग सर्विसेज इन हॉस्पिटल्स के साथ-साथ ट्रॉमा केयर एंड हॉस्पिटल डिजाइन के वर्तमान और भविष्य के बारे में विस्तार से जानेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में संस्थान के डीन डॉ. प्रभात दीवान शामिल रहे।

### वेटिंग टाइम कम करना भी प्राथमिकता

विशेषज्ञ डॉ.हिमांशु ने अस्पतालों की वास्तुकला के महत्त्व को समझाया। उन्होंने मरीजों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार अस्पतालों के डिजाइन में आर्किटेक्ट और योजनाकारों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। डॉ.अबीर ने अस्पताल को न केवल मरीजों को रखे जाने की जगह बताई बल्कि आशा और उपचार का बेहतर केंद्र बताया। साथ ही अस्पतालों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए नवीन तकनीक को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक बार जब अस्पताल नाम और प्रसिद्धि प्राप्त कर लेता है तो रोगियों की संख्या बढ़ जाती है, रोगियों की संख्या के आधार पर वेटिंग टाइम कम करना भी एक प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सावन मड़ई में महिलाएं चढ़ी गेड़ी बताया क्यों जरूरी है संतुलन

### बचपन के खेलों में दिखाई प्रतिभा, हरित श्रृंगार कर रैंपवॉक

**रायपुर।** सावन के पहले सोमवार के अवसर पर शहर के महिला समूह ने मनोरंजक खेल के साथ सावन उत्सव मनाया। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम संस्कृत विवेकानंद उत्कर्ष परिषद की महिलाएं पहुंची। इस दौरान बचपन के पारंपरिक खेलों में हिस्सा लेते हुए महिलाओं ने सावन मड़ई का आनंद लिया। लगातार बारिश के बाद भी उत्साह कम नहीं हुआ। कार्यक्रम में ज्यादातर महिलाएं हरी साड़ी के साथ हरे श्रृंगार में पहुंची। सबसे पहले रस्सी कूद स्पर्धा में साड़ी पहने महिलाओं ने छलांग लगाई।



### रस्साकशी में दिखाई ताकत

सावन मड़ई में बचपन के मनोरंजक खेलों को शामिल किया गया था। भौंरा चलाने की बारी आई तो कई महिलाओं ने पहले प्रयास में ही भौंरा को हाथों में लेकर सभी को अचंभित कर दिया। इसके बाद गेड़ी चढ़कर महिलाओं ने जीवन में संतुलन के महत्व को प्रदर्शित किया। गिल्ली डंडा, चम्मच दौड़ के साथ विभिन्न स्पर्धा में सभी ने भाग लेते हुए बचपन के दिनों को याद किया। रस्साकशी खेल के जरिए महिलाओं ने अपनी ताकत दिखाई। एक दल ने दूसरे दल को अपनी ओर खींचने पूरी ताकत लगा दी। आखिर में महिलाएं नीबू-चम्मच खेल में दौड़ लगाती नजर आईं।







### हरियाली बढ़ाने संकल्प

कार्यक्रम के जरिए महिलाओं ने अपने आसपास हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। अतिथि के रूप में नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, संस्था संरक्षक डॉ.अशोक भट्टर, रविवि में मनोविज्ञान की प्रोफेसर प्रियंवदा श्रीवास्तव शामिल हुईं। इस दौरान मेंटल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम में प्रो.श्रीवास्तव ने भागदौड़ भरी जिंदगी में मानिसक रूप से स्वस्थ रहने टिप्स दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओ रैंपवॉक में हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर कोमल साहू व द्वितीय मधु सेठ रहीं।

# सीएसआईआर-यूजीसी नेट के हॉल टिकट जारी, त्रुटि सुधारेगा एनटीए

**रायपुर।** सीएसआईआर-यूजीसी नेट जुलाई 2024 परीक्षा के लिए पंजीकरण किए उम्मीदवारों के लिए अपडेट जारी की गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की संयुक्त राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के जुलाई 2024 सत्र में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण किए उम्मीदवारों के हॉल टिकट जारी कर दिए हैं। एजेंसी ने प्रवेश पत्र जारी करने के साथ ही प्रवेश पत्र डाउनलोड लिंक को आधिकारिक वेबसाइट, csirnet.nta.ac.in पर एक्टिव कर दिया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने CSIR-UGC NET जुलाई 2024 के लिए पंजीकरण किया है, वे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए परीक्षा पोर्टल पर विजिट करें और फिर होम पेज पर दिए गए लिंक से संबंधित डाउनलोड पेज पर जा सकते हैं। यहां पर उम्मीदवार अपने अप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ की डिटेल भरकर सब्मिट करके प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
UGC - NET

**प्रवेशपत्र में गड़बड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर करना होगा संपर्क**

### एग्जाम सिटी स्लिप पहले ही

उम्मीदवारों को अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद इस पर दिए गए अपने व्यक्तिगत विवरणों (जैने - नाम, माता / पिता का नाम, जन्म-तिथि, फोटो, आदि) की जांच करने कहा गया है। यदि इनमें कोई त्रुटि हो तो सुधार के लिए जल्द से जल्द एनटीए की हेल्पलाइन पर संपर्क करना चाहिए। इससे पहले एनटीए ने उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी के लिए एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप 16 जुलाई को जारी किए थे। आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक परीक्षा का आयोजन 25 से 27 जुलाई तक किया जाएगा। तीनों ही निर्धारित तिथियों पर परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक और फिर दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## समाज इवेंट

# नए जेसीआई सदस्यों ने ली शपथ, पुराने ने बांटे अनुभव



रायपुर। जेसीआई रायपुर कैपिटल के तत्वाधान में जेसीआई रायपुर कॉर्पोरेट कैपिटल का स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सनी असाई को फाउंडर प्रेसिडेंट और यशराज सिंह को सचिव के रूप में चुना गया। साथ ही जेसीआई रायपुर कॉर्पोरेट कैपिटल के 30 सदस्यों के साथ नई कार्यकरिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कई रंगारंग कार्यक्रमों के बीच यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जीई रोड स्थित एक निजी होटल में इसका आयोजन कियाा गया था। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष जेसीआई सेनेटर नरेंद्र सिन्हा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर परवानी उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राजेश अग्रवाल ने समारोह को संबोधित किया।

### वरिष्ठ सदस्यों का मिला मार्गदर्शन

जेसीआई रायपुर कॉर्पोरेट कैपिटल के चैप्टर इंचार्ज के रूप में जेसीआई सेनेटर रवि सिन्हा को चुना गया। इस अवसर पर जेसीआई रायपुर कैपिटल के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद थे। विशेष अतिथि एवं शपथ अधिकारी जेएफएस जेसीआई सेनेटर अमिताभ दुबे रहे। उन्होंने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। जेसीआई के बीते वर्षों के कार्यों की चर्चा के साथ ही आने वाले वर्ष के लिए तैयार रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिला।


## ऐसे अवसरों की खोज में रहें, जो आपका कल्याण कर सके

# अक्षर का ज्ञान विद्वान बनाता है और अवसर का ज्ञान महान लोग जितने बड़े पद पर पहुंचते हैं, उतनी ही बढ़ती है चिंता

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास के तीसरे दिन दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि ने कहा कि आज हमें जो यह मनुष्य जीवन मिला ह, वह अनंत पुण्यों के बाद हमें प्राप्त हुआ है। इसके लिए देव भी तरसते हैं, लेकिन हमने क्या किया। इस दुर्लभ जीवन को सांसारिक पदार्थों को इकट्ठा करने में लगा दिया। अगर यही पुरुषार्थ हमने धर्म के प्रति किया होता तो आज हम मोक्ष के कितने करीब होते यह आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं।

अगर केवल पैसों से सुख मिल जाता तो आज बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता-मंत्री टेंशन फ्री जीवन जीते, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। लोग जितने बड़े पद पर पहुंचते हैं उनकी टेंशन भी उतनी ही बढ़ जाती है। उनके पास धन-बल की कोई कमी नहीं होती फिर भी उन्हें यह टेंशन रहता है कि कोई प्रतियोगी हमसे आगे ना बढ़ जाए, हमारे स्टेट्स पर कोई फर्क ना पड़े और हमारा पोर्टफोलियो खराब ना हो जाए।



### अपनी कमजोरी को पहचान नहीं पा रहे

आज आध्यात्म पर आपका ध्यान नहीं है, इसलिए आपको बाहर की दुनिया अच्छी लग रही है लेकिन जिस दिन आपके अंदर आध्यात्म जाग जाएगा, उस दिन दुनिया से आपका मोह भंग होने लगेगा। अनुकूल परिस्थितियों में भी लोग परेशान हैं, जबकि आज से तीन-चार सौ साल पहले जो राजा महाराजा थे उनके पास भी इतनी सुख-सुविधा नहीं थी जितनी कि आज आपके पास है। हम अपनी कमजोरी को आज पहचान नहीं पा रहे हैं, लेकिन जिस दिन हम इसे पहचानेंगे उसे दिन हमारे जीवन का कल्याण हो जाएगा, आप अपने मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ने लगोगे और उस दिन हमें दुनिया की कोई भी परिस्थिति दुखी नहीं कर पाएगी।

### पुण्य की तुलना में पाप अधिक



आज जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं पाप का दायरा भी बढ़ रहा है और उनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है। उम्र के साथ इच्छाएं भी बढ़ रही हैं और पुण्य तो बढ़ ही रहा है, लेकिन उसकी तुलना में पाप भी तेजी से बढ़ रहा है। अक्षर का ज्ञान आपको विद्वान बनता है और अवसर का ज्ञान आपको महान बनाता है। हमें अपने जीवन में ऐसे अवसरों की खोज में हमेशा रहना चाहिए जो कल्याण कर सके। ऐसे कल्याण मित्र बनाएं जो आपका जीवन संवार दें। वैसे ही मनुष्य के जीवन में तीन शत्रु आपको खत्म करने के लिए बैठे हुए हैं। जिसमें पहला है वृद्धावस्था, दूसरा है रोग और तीसरा है मृत्यु। हम कोई भी काम शुरू करने के लिए इस समय, बाद या उस कार्यक्रम के बाद ऐसा कर तारीख तय करते रहते हैं और इस चक्कर में हम उसे महत्वपूर्ण समय को भी गंवा देते हैं, जिस पल हमें समय का सदुपयोग कर लेना चाहिए था।

वैदिक ज्योतिष

## 50 साल बाद चतुर्ग्रही योग बनने से इन राशियों की चमक उठेगी किस्मत



वैदिक ज्योतिष मुताबिक ग्रह एक निश्चित अवधि पर राशि परिवर्तन करके त्रिग्रही और चतुर्ग्रही योग बनाते हैं, जिसका व्यापक प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि अगस्त में ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह और ग्रहों के राजा सूर्य सिंह राशि में विचरण करेंगे। वहीं धन के दाता शुक्र और चंद्र ग्रह भी सिंह राशि में स्थित रहेंगे। ऐसे में इन ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग बनेगा। जिससे कुछ राशियों की किस्मत पलट सकती है। साथ ही इन राशियों की धन- दौलत में अपार बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वाले लोगों के लिए चतुर्ग्रही योग लाभकारी साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से लग्न भाव पर ही बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपके व्यक्तित्व में निखार देखने को मिलेगा। साथ ही इस अवधि में भाग्य के सहयोग से कई कार्य आसानी से पूरे भी हो जाएंगे। जो लोग लंबे समय से नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, उनको अब करियर में उन्नति और सैलरी में वृद्धि के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे। साथ ही इस अवधि में आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। इस समय अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं।

**धनु राशि :** चतुर्ग्रही योग बनने से धनु राशि वाले जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं क्योंकि यह योग आपकी राशि से नवम भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको किस्मत का साथ मिलेगा। साथ ही इस समय आपकी बुद्धि का विकास होगा और अपने लक्ष्यों को लेकर पूरी तरह फोक्स्ड भी रहेंगे। वहीं इस समय आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। वहीं इस समय नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। साथ ही इस अवधि में आप कोई धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए चतुर्ग्रही योग लाभकारी सिद्ध हो सकता है क्योंकि यह योग आपकी गोचर कुंडली के कर्म भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही इस समय धन कमाने के कई बेहतरीन अवसर मिलेंगे और धन की बचत करने में भी सक्षम होंगे। वहीं इस दौरान बेरोजगार लोगों को नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही अगर आप कारोबारी हैं तो आपको अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही आप व्यापार का विस्तार कर सकते हैं।

## एक साल बाद मंगल 27 को करेंगे शुक्र के नक्षत्र में प्रवेश, इनकी पलटेगी किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर राशि और नक्षत्र परिवर्तन करते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि मंगल देव अभी कृतिका नक्षत्र में संचरण कर रहे हैं और वह 27 जुलाई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिसके स्वामी शुक्र देव हैं। वहीं ज्योतिष अनुसार मंगल और शुक्र देव में मित्रता का भाव है। इसलिए मंगल ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभकारी साबित हो सकता है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ और करियर- कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं।

**मेष राशि :** मेष राशि के लोगों के लिए मंगल ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभकारी साबित हो सकता है।क्योंकि एक तो मंगल ग्रह आपकी राशि के स्वामी हैं। इसलिए इस समय आपके व्यक्तित्व में निखार देखने को मिलेगा और भाग्य के सहयोग से कई कार्य आसानी से पूरे भी हो जाएंगे। साथ ही जो लोग लंबे टाइम से जॉब में बदलाव की योजना बना रहे हैं, उनको अब करियर में उन्नति और सैलरी में वृद्धि के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे।

**वृष राशि :** मंगल ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन वृष राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ होगा। साथ ही व्यापारियों को इस अवधि में अच्छा मुनाफा होगा और बुद्धिमानी से हर तरह की चुनौतियों से निपटने में सक्षम भी होंगे। वहीं इस समय आपको वाहन और प्रापर्टी का सुख प्राप्त होगा।

**मकर राशि :** मकर राशि के लोगों के लिए मंगल ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपको काम- कारोबार में खास तरक्की मिलेगी। साथ ही इस अवधि में आय के नए स्त्रोत बनेंगे। वहीं इस दौरान आपकी समाज के बड़े और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपको लाभ करवा सकते हैं।

### खराब लाइफस्टाइल के कारण व्यक्ति की औसत जीवन प्रत्याशा भी घटकर रह गई 60 वर्ष

# स्वस्थ और फिट रहने सुबह-सुबह अपनी डाइट में शामिल करें हेल्दी फूड्स

*आमतौर पर लोग गलत खान-पान अपनाते हैं और कई बीमारियों का कारण बनते हैं। बहुत से लोगों को यह भी नहीं पता होता है कि कौन सा भोजन उनके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और कौन सा हानिकारक है। खराब लाइफस्टाइल के कारण व्यक्ति की औसत जीवन प्रत्याशा भी घटकर मात्र 60 वर्ष रह गई है। हालांकि, हमारे नैचर ने हमें कई ऐसे कई पोषक तत्व प्रदान किए हैं, जो हमें स्वस्थ रहने में मदद करते हैं और कई बीमारियों से बचाते हैं। आइए जानते हैं कि कौन-से सुपर फूड खाकर स्वस्थ रह सकते हैं।*





### फ्रेश वेजिटेबल जूस

अपने दिन की शुरुआत गाजर, चुकंदर या हरी सब्जियों से करें। ये सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा के लिए बहुत अच्छी होता है। अगर इसमें थोड़ा सा नींबू भी शामिल कर लें, तो शरीर को विटामिन सी मिल जाएगा। आप चाहें तो आंवला या एलोवेरा का जूस भी पी सकते हैं। ये हमारी त्वचा और बालों के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है।

### पपीता

पपीते के साथ दिन की शुरुआत करना काफी फायदेमंद होता है। यह बॉडी डिटॉक्सीफिकेशन के लिए काफी अच्छी चीज है, जो शरीर को एनर्जी के लिए इससे फाइबर और फ्रक्टोस भरपूर मात्रा में मिलता है। सुबह खाली पेट पपीता खाने के बाद 45 मिनट तक ब्रेकफास्ट न करें। यह बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। इससे कब्ज में भी राहत मिलती है।

### भीगे हुए बादाम

अगर आप किसी तरह की एक्सरसाइज करते हैं या जिम जाते हैं, तो आपको सुबह खाली पेट भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स खाना चाहिए, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ड्राई फ्रूट्स में प्रोटीन और हेल्दी फैट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि सुबह के समय फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर चिया सीड्स खाने से भी शरीर को काफी फायदा पहुंचता है।

### खजूर और फल

अगर आप सुबह ढेर सारी एनर्जी पाना चाहते हैं तो खाली पेट पानी के साथ दो खजूर का सेवन करें। इससे आपकी बॉडी को इंसटैंट एनर्जी मिलती है। इसके अलावा आप सुबह खाली पेट केला, सेब या पपीता जैसे फलों का भी सेवन कर सकते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं।

## आज से ही छोड़ दें ये खतरनाक फूड्स, सेहत के लिए हैं हानिकारक

हर व्यक्ति स्वस्थ और निरोगी रहना चाहता है. इसलिए वे हेल्दी चीजें खाता है। शरीर को विटामिन, प्रोटीन और खनिज जैसे पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। इन तत्वों को प्राप्त करने के लिए हम बहुत सारे स्वस्थ खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का सेवन करते हैं। वहीं बाजार में ऐसे कई अनहेल्दी फूड मिलते हैं जो स्वास्थ्य होने का दावा करते हैं, लेकिन असल में वह फूड आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। हम आपको बताते हैं कुछ अनहेल्दी फूड्स जिससे आपकी सेहत बिगड़ सकती है।



### व्हाइट ब्रेड

ज्यादातर व्हाइट ब्रेड सेहत के लिए अच्छे नहीं होते हैं। अगर उन्हें ज्यादा मात्रा में खाया जाए तो वह काफी नुकसान करती है, क्योंकि वे परिष्कृत गेहूं से बने होते हैं। इनमें फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है, जो ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकती है। डायबिटीज रोगियों को व्हाइट ब्रेड का सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए।

### रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट

रिफाइंड कार्ब्स ,जो आमतौर पर पास्ता, व्हाइट ब्रेड और मफिन जैसे प्रोसेस्ड फूड य में पाए जाते हैं, जिसके सेवन से ब्लड शुगर का लेवल तेजी से बढ़ सकता है। रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट आपके टाइप टू डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकता है। अपनी डाइट में स्वास्थ्य कार्ब्स लें जैसे कि ब्राउन राइस, बकवीट, बाजरा और दलिया को शामिल करने का कोशिश करें। यह अनहेल्दी फूड्स के लिए आपकी क्रेविंग को अपने आप कम कर देगा।

### सॉफ्ट ड्रिंक

कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक डाइट में अतिरिक्त चीनी और कैफीन के सबसे बड़े सोर्स में से एक है। इस अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के नियमित सेवन से मोटापा, डायबिटीज, मेटाबॉलिज्म सिंड्रोम और सूजन संबंधित बीमारियों सहित कई स्वास्थ्य समस्या हो सकती हैं। इन ड्रिंक को हर्बल चाय और नींबू पानी जैसे स्वस्थ विकल्पों के साथ बदलने की कोशिश करें।

## प्रेग्नेंसी के दौरान भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन, बच्चे को हो सकता है नुकसान

प्रेग्नेंसी के दौरान आपको अपने खान-पान को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत होती है। थोड़ी सी लापरवाही बच्चे के लिए भारी पड़ सकती है। प्रेग्नेंसी के दौरान खाने की कुछ चीजों की बिल्कुल मनाही होती है, जबकि कुछ चीजें को सीमित मात्रा में खाने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं उन चीजों के बारे में जिनको खाने से हो सकता है नुकसान।



**ज्यादा मर्करी वाली मछली :** मर्करी बहुत विषैला तत्व है और इसे सुरक्षित नहीं माना जाता है। यह दूषित पानी में पाया जाता है। मर्करी की ज्यादा मात्रा नर्वस सिस्टम, इम्यून सिस्टम और किडनी को खराब कर देती है। यहां तक कि इसकी थोड़ी सी मात्रा भी बच्चे के विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है क्योंकि वे प्रदूषित महासागरों में रहते हैं, बड़ी समुद्री मछलियां बड़ी मात्रा में पारा जमा करती हैं। इसलिए, बड़ी समुद्री मछलियां मर्करी अधिक बड़ी मात्रा में जमा करती हैं। प्रेग्नेंट और ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को मर्करी वाली मछली नहीं खानी चाहिए। ज्यादा मर्करी वाली मछलियों में शार्क, किंग मैकरल, टूना, स्वोर्डफिश, मर्लिन और ऑरेंज रौफी आती हैं।

**कच्चे अंडे का सेवन भूलकर न करें :** कच्चे अंडे में सैल्मोनेला बैक्टीरिया पाया जाता है। इन्हें खाने से बुखार, मितली, उल्टी, पेट में ऐंठन और दस्त हो सकते हैं। कुछ मामलों में इस संक्रमण की वजह से गर्भाशय में ऐंठन हो सकती है, जिससे बच्चे का जन्म समय से पहले हो सकता है। कच्चे अंडे खाने वाले खाद्य पदार्थों में स्क्रैम्बल्ड एग और पोच्ड एग भी शामिल हैं। बाजार के कई प्रोडक्ट्स में कच्चे अंडे मिले होते हैं। खरीदने से पहले इनका लेबल पढ़ लें।

### कैफीन का सेवन कम करें

ज़्यादातर लोगों को कॉफ़ी पीना अच्छा लगता है, लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं को बहुत कम मात्रा में कॉफ़ी पीने की सलाह दी जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, प्रेग्नेंट महिलाओं को रोजाना 200 मिलीग्राम से कम कैफीन का सेवन करना चाहिए।
कैफीन शरीर में बहुत जल्दी घुल जाता है और प्लेसेंटा में प्रवेश कर जाता है। गर्भ में पल रहे मेटाबॉलिज्म एंजाइम नहीं होते हैं जो उसे नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान बहुत अधिक कैफीन का सेवन करने से बच्चे के वजन और विकास पर असर पड़ सकता है।



## खुशी किसी बड़े काम से नहीं रोज के छोटे कामों से आती है

हम सभी चाहते हैं कि खुशी हमेशा जीवन का हिस्सा बनी रहे। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम रोज सुबह उठते हैं और देर रात तक मेहनत करते हैं। ये सारी मेहनत इसलिए करते हैं ताकि खुश रह सकें, लेकिन फिर भी आप खुश नहीं रह पाते। अक्सर तनाव या डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि खुशी किसी बड़े काम से नहीं, बल्कि रोज के दिन के छोटे-छोटे कामों से आती है। जैसे अपनी पसंदीदा डिश खाकर खुश होना या किसी पुराने दोस्त से मिलने पर खुश होना। चलिए आज जानते हैं कि रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे रहा जाए खुश।

### दूसरों से तुलना न करें

खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद की तुलना करना बंद कर दें। आजकल ज्यादातर लोगों अपनी चीजों की अहमियत नहीं समझते हैं और यहीं हमारी गलती का कारण बन जाता है। इसीलिए अगर आप खुश रहना चाहते हैं तो दूसरों से तुलना करना बंद कर दें। जिस दिन आप ये आदत अपना लेंगे आप जीवन में खुश रहने लगेंगे।

### खुद के लिए समय निकालें



खुश रहने के लिए जरूरी है कि आप खुद के लिए थोड़ा समय निकालें, खुद के साथ समय बिताएं और खुद के बारे में सोचें। खुद के साथ समय बिताने से तनाव कम होता है। हालांकि आज की भाग-दौड़ की जिंदगी में हम इतने व्यस्त रहते हैं कि खुद के बारे में सोचने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता, लेकिन जब हम अकेले समय बिताते हैं, उस वक्त हम अपने बारे में चीजें बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।

### तनाव से दूर रहें

जो लोग हमेशा खुश रहते हैं वे अपने दिमाग को अक्सर बहकाने की कोशिश करते हैं। जब उन्हें तनाव महसूस होता हैं तो उस स्थिति में भी खुद को सोचने और समझने की क्षमता देते हैं। अगर उनके अपने मन के मुताबिक काम नहीं होता तो वह हर काम समय पर छोड़ देते हैं।

### नापसंद बातों को भूलना सीखें

खुश रहने के लिए जरूरी है कि आप दूसरों की कही गई बातों को भूल जाएं। कई लोग ऐसे होते हैं जो दूसरे की बात को दिमाग में रख कर उनके बारे में लगातार सोचते रहते हैं। ऐसे लोगों की अगर कोई बुराई करता है तो ये लोग उसके बारे में लगातार सोचकर खुद को तनाव देते हैं, लेकिन अगर आपको खुश रहना है तो आपको दूसरे की बातों को इग्नोर करना चाहिए।



## कपल्स रिलेशनशिप बेहद संवेदनशील, सही ढंग से चलाने रखें कुछ बातों का ध्यान

### नियमित रूप से संवाद करें

अपनी भावनाओं, विचारों और चिंताओं को एक दूसरे के साथ साझा करें। एक दूसरे को ध्यान से सुनें और बिना रुके या टिप्पणी किए एक दूसरे को समझने की कोशिश करें। फ़ोन कॉल, वीडियो कॉल, टेक्स्ट मैसेज, या ईमेल के माध्यम से नियमित रूप से संपर्क में रहें। गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं और दूसरे के साथ खास समय बिताएं।

### भरोसा और विश्वास बनाए रखें

एक दूसरे के साथ हमेशा ईमानदार रहें, भले ही यह मुश्किल हो। एक दूसरे पर भरोसा करें और एक दूसरे के प्रति वफादार रहें। गलतियों को क्षमा करें और आगे बढ़ें। नकारात्मक सोच और संदेह से बचें।



### एक दूसरे के साथ धैर्य रखें

किसी भी बात को लेकर एग्रेसिव न हों। हर बार तो धैर्य रखकर सॉल्व करने की कोशिश करें। कई बार छोटी-छोटी बातें बहस का बड़ा विषय बन जाती हैं। इसे धैर्यपूर्वक निराकरण करने की कोशिश करें।आप अगर रिश्ते में मजबूती लाना चाहते हैं तो साथ में वक्त गुजारे। एक साथ एन्जॉय करें। पसंदीदा कॉमन गेम खेलें। एक दूसरे के साथ हंसी मजाक करें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
झुला New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ALLFINE RAJHANS
ए-वन मोटर्स
इ- रिक्शॉ एवं इ-कार्गो
रायपुर में पहली बार
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
डाउनपेमेंट 25000 से शुरू
देशबंधु प्रेस के सामने, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.) 98271 92369, 90099 77768

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### एमा कोरिन-चार्ल्स जेवियर को देना चाहती हैं श्रद्धांजलि!



**एंजिलिस।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन नजर आएंगे। हाल ही में रेयान रेनॉल्ड्स ने अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वुलवरिन' का एक नया टीजर और पोस्टर साझा किया था, जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है। एमा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'मैंने उन दोनों का अभिनय फिर से देखा। मुझे ऐसा करने में पहले काफी झिझक महसूस हो रही थी क्योंकि मैं सोच रही थी, 'क्या मैं उस किरदार के उतना करीब जा पाऊंगी। क्या मैं अभी भी इसे अपना बना पाऊंगी' लेकिन मुझे यह वाकई दिलचस्प लगा कि उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति को कैसे चित्रित किया जिसकी शक्ति उस टेलीपैथिक दुनिया में बहुत अलग है। मैं देखना चाहती थी कि क्या कोई ऐसा हिस्सा है जिसका मैं प्रयोग कर सकती हूं या उसे श्रद्धांजलि दे सकती हूं। प्रशंसकों को यह बहुत पसंद आएगा।' बता दें स्टीवर्ट ने 2000 की 'एक्स-मैन' में टेलीपैथी चार्ल्स "प्रोफेसर एक्स" जेवियर की भूमिका निभाई थी, इससे पहले मैकएवॉय ने 2011 की रीबूट 'एक्स-मेनः फर्स्ट क्लास' में एक युवा संस्करण निभाया था।

## टॉलीवुड

### रवि तेजा की 'मिस्टर बच्चन' में कैमियो करेगा सिद्धू जोनालागड्डा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा की नई फिल्म 'मिस्टर बच्चन' के सिनेमाघरों में दस्तक देने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। तेजा के प्रशंसक इसे देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है, क्योंकि फिल्म के ट्रेलर ने उनकी उत्सुकता को बढ़ा रखा है और जैसा कि आजकल बड़े अभिनेताओं की फिल्मों में कोई न कोई कैमियो देखने को मिलता है तो ऐसे में लगता है कि 'मिस्टर बच्चन' भी पीछे नहीं रहने वाली है। फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट आया है, जो कैमियो से ही जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मिस्टर बच्चन' में सिद्धू जोनालागड्डा कैमियो करते हुए दिखाई देंगे। उनकी पिछली फिल्म 'टिल्लू स्क्वायर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, इसे लेकर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का होना बाकी है, लेकिन खबर है कि सिद्धू के सीन की शूटिंग इसी हफ्ते में होगी। 'मिस्टर बच्चन' को लेकर पिछला अपडेट इसकी रिलीज की तारीख को लेकर आया था। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में उतारी जाएगी। निर्माताओं की ओर से इस तारीख का एलान बड़े ही खास अंदाज में किया गया था। पीपल मीडिया फैक्ट्री ने तारीख की घोषणा करते हुए लिखा था कि वक्त पे पहुंचने का अपना पुराना आदत है। 'मिस्टर बच्चन' 15 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी।

## भोजपुरी

### 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज, जेठानी ने डाली फूट



**नई दिल्ली।** नई भोजपुरी फिल्म 'घर की मालकिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें समाज की उस हकीकत को दिखाया गया है, जो छिपी होती हैं। ये फिल्म आपके दिलों को छू जाएगी। इसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा लीड रोल में हैं। इनके अलावा सितारों की फौज है। पढ़ें पूरी रिपोर्ट। भोजपुरी सिनेमा की 'टीआरपी क्वीन' अंजना सिंह और फेमस एक्ट्रेस शुभी शर्मा की महिला प्रधान फिल्म 'घर की मालकिन' का धांसू ट्रेलर आउट हो गया है। ट्रेलर वीफोरयू भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी हुआ है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। नीलाभ तिवारी फिल्म्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के साथ आईवीवाई एंटरटेनमेंट प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह व नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। फिल्म एक पारिवारिक और सामाजिक कहानी पर आधारित है, जिसमें अंजना सिंह और शुभी शर्मा हैं। ट्रेलर में उनकी दमदार अदाकारी और जबरदस्त स्क्रीन प्रजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म के ट्रेलर की लेंथ 4 मिनट 11 सेकेण्ड है। ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों में पारिवारिक रिश्तों, संघर्षों और सामाजिक मुद्दों को बखूबी पेश किया गया है। फिल्म में अंजना सिंह और शुभी शर्मा के किरदारों को मजबूती और आत्मविश्वास के साथ दर्शाया गया है, जो दर्शकों को पूरी फिल्म देखने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## लाइफ स्टाइल

# सखियों के फंक्शन में बनें ग्रीन क्वीन



सावन का महीना शुरू हो चुका है। हिन्दू धर्म में सावन महीने का बहुत ही महत्व है। इस दौरान ज्यादातर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। क्या आप भी हरे रंग के ऑउटफिट को पहनना चाहती हैं तो ट्रेंडी हरे रंग की साड़ी और कुर्ता सेट आजकल बहुत ट्रेंड में है। इनको आप सावन महीने के दौरान पड़ने वाले सावन सोमवारऔर हरियाली तीज या फिर ग्रीन थीम पर होने वाले सखियों के फंक्शन में भी पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं और ग्रीन क्वीन बन सकती हैं।

# क्या आप भी करना चाहती हैं कुछ यूनिक हेयरस्टाइल, तो यहां देखें कुछ बेहतरीन लुक्स

ऑफिस हो या कॉलेज, लड़कियां हर जगह के लिए अपने आउटफिट अलग रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि आपके आउटफिट आपके स्टाइल को दर्शाते हैं और उनके साथ बनाया गया हेयरस्टाइल भी आपके रूप को निखारता है। आउटफिट के हिसाब से किया गया हेयर स्टाइल आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करता है। अक्सर लड़कियों को यह नहीं पता होता कि उनके कपड़े पर कौन सा हेयरस्टाइल सूट करेगा, जिस वजह से वो कैसे भी बाल बनाकर चली जाती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ सिंपल हेयरस्टाइल के बारे में बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कॉलेज या ऑफिस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



### फ्रंट हेयर ब्रेड स्टाइल

फ्रंट हेयर ब्रेड हेयरस्टाइल बेहद खूबसूरत दिखता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। आपको बस एक कंघी, एक बॉबी पिन और एक हेयर बैंड की जरूरत पड़ेगी। हेयरस्टाइल बनाने के लिए सबसे पहले बालों में कंघी करें। फिर साइड से चोटी हटाकर एक चोटी बना लें या बाल खुले भी रख सकते हैं। फिर इसे पिन की मदद से पीछे से जोड़ दें। इसके बाद अपने बालों में हेयर स्प्रे कर लें इससे आपके बाल बिलकुल सेट रहेंगे।

### बन हेयर स्टाइल

यह हेयरस्टाइल ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद है। अगर आप अपने सलवार सूट को मॉडर्न टच देना चाहती हैं तो इस हेयरस्टाइल को बनाएं। आपको अपने बालों में बन के मदद से जूड़ा बांधना है। बाद में बालों में हेयर स्प्रे कर लें।



### ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

अगर आप अपने बालों को खुला रखना चाहती हैं तो कुछ ही मिनटों में इस तरह का हेयरस्टाइल कर सकती हैं। ऐसा करने के लिए केवल आपको बालों की एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी और उसे पिन-अप करना होगा। बचे हुए बालों की लेंथ को आप कर्ल कर लें।

## फैशन

# बांधनी का ट्रेंड है हिट एंड फिट, इससे आप भी निखारें अपना फैशन सेंस



बांधनी पहनावा हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है, चाहे इसे त्यौहारों के मौसम में पहना जाए या फिर शादी के खास अवसर पर। बांधनी ट्रेडिशनल हैंडीक्राफ्ट टेक्निक है जिसमें कपड़ों को अलग-अलग तरीकों से बांधकर और फिर रंगों में डुबोकर कई तरह के पैटर्न्स और डिज़ाइन्स तैयार किए जाते हैं। यह एक ऐसा ट्रेंड है जो हर उम्र के लोगों पर अच्छा लगता है। इन दिनों बांधनी साड़ी और कुर्तों से लेकर फ्यूज़न सेट्स और ड्रेसेज़ तक इस ट्रेंड को अपने फैशन का हिस्सा बनाया जा रहा है।

**रंग का महत्व :** बांधनी में आमतौर पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है, जैसे- पीला, लाल, नीला, हरा और काला। हर रंग का अपना-अपना महत्व होता है। उदाहरण के लिए जैसे लाल दुल्हन के लिए सौभाग्य का प्रतीक है और पीला वसंत के समय और खुशी का प्रतीक है।

**कस्टम मेड वाइब्रेंट लहंगा :** अपनी शादी के लिए दुल्हन इस तरह कस्टम मेड वाइब्रेंट बांधनी लहंगा ट्राई कर सकती हैं। इस प्रिंट में रंगों का खास रोल होता है। इस पिंक लहंगे के साथ ऑरेंज कलर का ब्लाउज इसकी खूबसूरती को निखारने का काम कर रहा था। इस तरह के हैवी वर्क लहंगे के साथ दुपट्टे को खूबसूरती से स्टाइल कर दुल्हन अपने लुक को रॉयल बनाने का काम कर सकती है।

**ऑलोवर बांधनी प्रिंट सूट :** अगर आप भी अपने वॉर्डरोब में बंधनी शामिल करना चाहती हैं तो ऑलोवर प्रिंट वाला पलाजो सूट पहन सकती हैं। इसे मेहंदी से लेकर पूजा तक कई मौकों पर पहना जा सकता है, जो आपको शानदार फेस्टिव लुक देंगे।

**वेस्टर्न आउटफिट्स का भी है चलन :** अब सिर्फ साड़ी और सूट में नहीं बांधनी अब वेस्टर्न आउटफिट्स में भी काफी पॉपुलर हो रहा है। आप चाहें तो इस तरह की जंपसूट भी अपने वार्डरॉब में शामिल कर सकती हैं। मार्केट में बांधनी प्रिंट के श्रग भी आसानी से मिल जाते हैं जिसे प्लेन टॉप के साथ कैरी किया जा सकता है।

**पारंपरिक बांधनी साड़ी :** शादी-फेस्टिवल में आज भी ट्रेडिशनल प्रिंट वाली साड़ियों का ट्रेंड हिट एंड फिट है। अगर आप किसी शादी में अपने ट्रेडिशनल लुक से वाहवाही लूटना चाहती हैं तो पारंपरिक बांधनी साड़ी से बढ़कर कुछ नहीं है। सीधे पल्ले में इस साड़ी का ग्रेस और ज्यादा बढ़ जाता है। साड़ी पर बांधनी वर्क गुजराती कल्चर को बखूबी दर्शाता है। इसके साथ गहने और हेयरस्टाइल का भी खास ख्याल रखें, तभी आपकी खूबसूरती पूरी तरह से निखर कर आएगी।

**बांधनी दुपट्टे हैं पहली पसंद :** बांधनी दुपट्टे की तो बात ही निराली है। लड़कियां प्लेन सूट के साथ इस तरह के दुपट्टे कैरी करना बहुत पसंद करती हैं जिसे जयपुरी दुपट्टे भी कहा जाता है।

# हर ड्रेस और हर उम्र की महिलाओं पर खूब जंचते हैं आर्टिफिशियल नेकलेस और पेंडेंट

हल्के और आकर्षक चेन और पेंडेंट ने भारी गहनों के चलन को पीछे छोड़ दिया है। नए डिजाइन वाले पेंडेंट किसी भी ड्रेस के साथ और किसी भी उम्र की महिलाएं पहन सकती हैं। आजकल फैशन में कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट मौजूद हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध हैं। इन हल्के पेंडेंट को आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ पहनकर खूबसूरत दिख सकती हैं। खास बात यह है कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिलाएं, चाहे वे गृहिणी हों, प्रोफेशनल हों या कॉलेज स्टूडेंट, अपनी इच्छानुसार पहन सकती हैं। ये अन्य गहनों की तुलना में बहुत हल्के होते हैं, इसलिए आप इन्हें सूट, साड़ी, लहंगा और डेनिम टॉप जैसे हर तरह के कपड़े के साथ पहन सकती हैं।



### रॉयल व ट्रेंडी लुक के लिए पर्ल ज्वेलरी

पर्ल ज्वेलरी का फैशन भी काफी सालों से चला आ रहा है। यह आपको रॉयल और ट्रेंडी लुक देता है। अक्सर बाजार में आपको पर्ल ज्वेलरी के कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। त्योहारों के दौरान आप ट्रेडिशनल रानी हार, जोधा हार के साथ लहंगा पहन सकते हैं। साड़ी और हैवी सूट के साथ चोकर हार पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे आप ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी सकते हैं, जो देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### चांद बालियां ईयररिंग

अगर आप हैवी ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं तो चांद बालियां ईयररिंग पहन सकती हैं। चांद बालियां इयररिंग्स का फैशन काफी समय से चला आ रहा है। बीते कुछ साल में इसमें कई नए प्रयोग और ट्रेंड देखने को मिले हैं। इस साल भी चांद ईयररिंग्स के लेटेस्ट डिजाइन पूरी तरह से ट्रेंड में हैं। इस बार, चांद की बालियों में और भी अधिक डिजाइनर लुक हैं।

# पार्टी या फंक्शन के लिए खुद दें अपने नाखूनों को डिजाइन, नहीं पड़ेगी पार्लर जाने की जरूरत

ऐसी कई चीजें हैं जो ओवरऑल लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करती हैं इन्हीं में से एक हैं आपके नाखून, जिनकी खूबसूरती आपके कपड़ों, मेकअप और हेयरस्टाइल में चार चांद लगाती है। इन नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए मैनीक्योर और पेडीक्योर जैसे ट्रीटमेंट लेने पड़ते हैं, लेकिन आजकल नेल आर्ट काफी चलन में है जो हमारे आउटफिट को कम्प्लीट करने के साथ-साथ उसे एक यूनिक टच भी दे सकता है।

**लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट :** अगर आपको लेपर्ड प्रिंट के आउटफिट्स पसंद हैं तो लेपर्ड प्रिंट नेल आर्ट करवा सकते हैं, जो कि आपको काफी पसंद आएगा। बस अपने नेल्स पर ब्लैक नेल पॉलिश



से आड़े-टेढ़े डिजाइन बनाएं और लेपर्ड प्रिंट का नेल आर्ट तैयार हो जाएगा।

**डबल शेड नेल आर्ट :** इन दिनों डबल शेड नेल आर्ट काफी पसंद किया जा रहा है। ऐसे में आप अगर किसी पार्टी में जाने वाले हैं तो वाईट और रेड का थीम रख के डबल शेड नेल आर्ट बना सकते हैं। इसे करने के लिए नाखूनों के दो कलर में सैड बनाया जाता है। आप अपनी पसंद के अनुसार के पेंट का कलर भी चूज कर सकते हैं।

**स्टोन वर्क नेल आर्ट :** पार्टी के लिए स्टोन नेल आर्ट परफेक्ट ऑप्शन है। यह नेल आर्ट हर आउटफिट के साथ मैच करेगा। इस नेल आर्ट को बनाने के लिए आपको पहले नेल पेंट अप्लाई करना होगा। उसके बाद आप नेल्स के ऊपर स्टोन या मोती लगाकर इस आर्ट को क्रिएट कर सकते हैं।

**ग्लिटर नेल आर्ट :** अगर शादी में जाने के लिए आप ये नेल आर्ट करा रहीं है तो ग्लिटर नेल आर्ट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ये नेल आर्ट बनने के बाद बहुत खूबसूरत लगती है। ये आपकी खूबसूरती में चार चाँद लगा देगा।

आप इस तरह की डिजाइन के लिए नेल स्टीकर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

## महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है

# सावन में ट्राई करें चुनिंदा डिजाइन वाली हरे रंग की साड़ियां, दिखेंगी सबसे सुंदर, अप्सरा जैसा आएगा लुक

सावन के महीने में हरे कपड़े पहनना बहुत शुभ माना जाता है। इसका कारण है कि मानसून आने के बाद पूरी प्रकृति हरी-भरी हो जाती है। हर प्राणी में एक उमंग रहती है और वह सावन के मौसम को दिलखुश अंदाज में जीना चाहता है। सावन का महीना युवतियों और महिलाओं के लिए सबसे खास कहलाता है। सावन महीने से त्यौहारों की शुरूआत भी हो जाती है। इस समय महिलाओं व युवतियों को सजना-संवरना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में महिलाएं हरी साड़ी के लेटेस्ट डिजाइन की खरीदारी करती हैं। हरी साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइन ऐसे हैं जिन्हें पहनकर आप किसी अप्सरा से कम नहीं लगेंगी।



### बांधनी साड़ी करें ट्राई

अगर आपको हल्के मटेरियल में साड़ी पहनना अच्छा लगता है, तो आप इस सावन बांधनी साड़ी ट्राई कर सकते हैं। जो आपको पूरा राजस्थानी लुक देगी। इस साड़ी के साथ आप अगर ट्रेडिशनल ज्वेलरी को स्टाइल करेंगी, तो आप और ज्यादा खूबसूरत लगेंगी। यह साड़ी देखने में जितनी खूबसूरत लगती है, पहनने में भी इतनी कंफर्टेबल और हल्की रहती है। इस प्रकार की साड़ी की कीमत 350 से शुरू होती है।

### नई दुल्हनें पहनें बनारसी साड़ी

वहीं, अगर किसी नई नवेली दुल्हन कोई सावन हरी साड़ी पहनी है, तो वह बनारसी साड़ी ट्राई कर सकती है। जो देखने में रॉयल और एलिगेंट लुक देगा। बनारसी साड़ियों के साथ सीक्वेंस से लेकर कॉटन तक के ब्लाउज बढ़िया लगेंगे। अगर आपको बनारसी साड़ियों की खरीदारी करनी है, तो यह आपको 3000 से लेकर 5000 तक में अच्छी साड़ी मिल जाएगी।

### ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां

इस साल आप सावन में ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ियां भी ट्राई कर सकती हैं। इस प्रकार की साड़ी काफी ट्रेंड में चल रही है, इसीलिए ऑर्गेंजा पैटर्न वाली साड़ी कोई बॉलीवुड हसीनाएं भी पहनते हुए नजर आ चुकी हैं। वहीं इस प्रकार की साड़ी यंग गर्ल्स पर भी खूब अच्छी लगेंगी। ऐसी साड़ियों की कीमत 1200 से शुरू है।



### रफल स्टाइल साड़ियां कमाल की

सावन मानसून के मौसम में पड़ता है, जहां चिपचिपी वाली गर्मी पड़ती है। इस वजह से जो घरेलू महिलाएं हैं उनके लिए रफल स्टाइल की ये साड़ियां बेहतरीन चॉइस हैं। स्टाइलिश लुक वाली ये साड़ी दिखने में तो कमाल की हैं ही इन्हें पहनना भी बहुत आसान होता है। व आपको इस प्रकार की साड़ी की कीमत 1000 रुपए से शुरू है।

### हैवी लुक वाली ब्रासो ग्रीन साड़ी

अगर आप सिंपल में हैवी लुक वाली साड़ी ट्राई करना चाहती हैं, तो इस साल सावन में ब्रासो ग्रीन साड़ी आपके लिए अच्छा ऑप्शन होगा। ये साड़ी दिखने में काफी खूबसूरत होती है। इसमें होने वाला गोटा वर्क इसको हैवी लुक देता है। इस साड़ी की सबसे खास बातें है कि आप इसे किसी भी फंक्शन में पहन सकती हैं। साड़ी में कई तरह के डिजाइन आपको मिल जाएंगी।